


मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 67
भोपाल, गुरुवार
23 अप्रैल 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 डॉ. अंबेडकर के स म्मान में पंच तीर्थ के विकास का ........

स्वर्ण जीतने के बाद अरुंधति और प्रीति टॉप्स कोर ग्रुप.... 06


## उत्तराखंड और गुजरात के बाद मप्र में यूसीसी लागू करने की तैयारी, जल्द बनेगी 5 सदस्यीय कमेटी

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्य प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी, जिसका गठन अप्रैल के आखिरी सप्ताह में हो सकता है। विधि विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है और कमेटी के सदस्यों का चयन मुख्यमंत्री के स्तर पर किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, कमेटी के लिए 20 से 25 नाम सामने आए हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् (विश्वविद्यालय के पूर्व या वर्तमान कुलपति), समाजसेवी और वकील शामिल हैं। इनमें से 5 सदस्यों का चयन किया जाएगा।

कमेटी के गठन के बाद शासन की योजना है कि एक साल के भीतर यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया जाए। इसके बाद ड्राफ्ट को विधानसभा में पेश किया जाएगा और अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। सरकार गुजरात और उत्तराखंड में बनी कमेटियों के अध्यक्ष को मध्य प्रदेश भी ला सकती है, ताकि




उनके अनुभव का लाभ लिया जा सके। उत्तराखंड और गुजरात पहले ही यूसीसी लागू कर चुके हैं, और मध्य प्रदेश भी इन्हीं मॉडलों का अध्ययन कर रहा है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर यह पूरी प्रक्रिया तेज की गई है। उद्देश्य है कि वर्ष 2026 के अंत तक या उससे पहले यूसीसी को लागू किया जा सके। कमेटी न केवल ड्राफ्ट तैयार करेगी बल्कि विभिन्न हितधारकों से परामर्श भी करेगी।

## सागर के नरयावली में सीएम देंगे सौगात

## सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण सहित 75 विकास कार्यों की रखेंगे नींव

**सागर ■ निसं**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सागर जिले की नरयावली विधानसभा में हैं। सीएम नरयावली में सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वे सांदीपनि विद्यालय समेत 63.41 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के कुल 75 विकास और निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोर्ड परीक्षा परिणाम की प्रवीण्य सूची में आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगे और उनसे



संवाद भी करेंगे। मंच पर सीएम यादव का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम से पहले बुधवार को कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रमस्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय के उद्घाटन सत्र में आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## बंगाल और तमिलनाडु में वोटिंग जारी

## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में पथराव, लाठीचार्ज

## हुमायूं समर्थक व टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

### बंगाल में 1 बजे तक 62.18 प्रतिशत व तमिलनाडु में 56.81 प्रतिशत हुई वोटिंग

**कोलकाता/चेन्नई ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में पहले चरण की 152 सीटों पर और तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। बंगाल में कई जगह बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। कई जगह ईवीएम खराब होने की शिकायत भी आई हैं। मुर्शिदाबाद के नौदा में वोटिंग से पहले देर रात देसी बम फेंका गया था। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। हुमायूं कबीर ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने उनकी पार्टी के कई उम्मीदवारों को खरीद लिया, जिसके कारण उन्हें कम सीटों पर चुनाव लड़ना पड़ रहा है। कबीर ने सुबह मतदान के शुरुआती घंटों में अपना वोट डाला। इसके बाद जब वह मुर्शिदाबाद जिले की नौदा विधानसभा क्षेत्र के शिबनगर गांव स्थित एक मतदान केंद्र पहुंचे, तो तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने वापस जाओ के नारे लगाकर उनका विरोध किया। स्थानीय तृणमूल नेताओं के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने कबीर के वाहन को घेर लिया और उन्हें भाजपा का एजेंट बताते हुए नारेबाजी की। इस प्रदर्शन से मतदान केंद्र के आसपास तनाव की स्थिति बन गई। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर तैनात केंद्रीय बलों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रण में किया।

वहीं मालदा के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से हंगामा हो गया। लोगों ने चुनाव अधिकारी को घेर लिया और आपत्ति जताई। इस बीच पूरे राज्य में सुबह से पोलिंग बूथ पर लंबी कतारें दिख रही हैं। यहां महिलाओं की संख्या ज्यादा है। ऐसा ही हाल तमिलनाडु में देखा जा रहा है। चेन्नई में एक्टर अजित कुमार और टीवीके चीफ विजय वोट डालने पहुंचे। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे बूथ के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।





### शुभेंदु अधिकारी बोले- मुझे मतदान केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान नंदीग्राम में भाजपा उम्मीदवार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उन्हें एक मतदान केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि आम लोग शांति चाहते हैं और किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं चाहते। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो शांति भंग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तृणमूल कैंप ऑफिस में तोड़फोड़ के आरोप

मालदा जिले के हरिश्चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तृणमूल कांग्रेस के ही दो गुट आपस में भिड़ गए. यह विवाद इतना बढ गया कि राज्य के निवर्तमान मंत्री ताज़मुल हुसैन के पैतृक गांव बांगरुआ (बूथ संख्या 200 और 201) में टीएमसी के एक चुनावी कैंप ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ की गई।

### बूथों पर लाइव मॉनिटरिंग

बंगाल में मुख्य मुकाबला बीजेपी और टीएमसी के बीच है। यहां के बूथों पर वेबकास्टिंग (लाइव मॉनीटरिंग) के जरिए चुनाव आयोग निगरानी कर रहा है। राज्य की बाकी 142 सीटों पर दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। नतीजा 4 मई को आएगा।

### पल-पल की वोटिंग पर शाह पैनी नजर

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता ने चुनावी हलचल को और बढ़ा दिया है। अमित शाह कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित भारतीय जनता पाटी के प्रदेश कार्यालय में बने अत्याधुनिक वॉर रूम पहुंच चुके हैं, जहाँ वे लगभग एक घंटे तक रुककर राज्य भर से आ रहे चुनावी फीडबैक और मतदान के रुझानों की समीक्षा करेंगे।

### रोबोट ने किया कलेक्टर का स्वागत

कोयंबटूर के जिला कलेक्टर पवन कुमार और उनकी पत्नी चिन्मयी जब मतदान करने पहुंचे, तो वहां एक अनोखा नजारा देखने को मिला। मतदान केंद्र पर एक रोबोट ने उनका स्वागत किया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।



## प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर

## खजुराहो में 43 डिग्री के पार पहुंचा तापमान

## सागर-अनूपपुर में 5वीं तक के स्कूलों में छुट्टी



### आज 19 जिलों में लू का अलर्ट

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

प्रदेश में गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश का तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। सबसे गर्म खजुराहो रहा। यहां पारा 43.4 डिग्री दर्ज किया गया। आज गुरुवार को 19 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए सागर और अनूपपुर की स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों की छुट्टी घोषित की गई है। 6वीं-12वीं तक की कक्षायें सुबह 07 बजे 12 बजे तक लगेगी। वहीं प्रदेश के कई जिलों की स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है।

कई जिलों में दिन का तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। साथ ही रात का तापमान भी 27 डिग्री तक बना हुआ है। बुधवार को नर्मदापुरम में 43.2 डिग्री, नौगांव में 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। वहीं रायसेन में 42.4 डिग्री, सीधी-नरसिंहपुर में 42 डिग्री, रतलाम-टीकमगढ में 41.8 डिग्री, दतिया में 41.7 डिग्री, शाजापुर में 41.6 डिग्री, दमोह में 41.5 डिग्री, सागर-रीवा में 41.4 डिग्री, मंडला में 41.2 डिग्री, धार, उमरिया और मलाजखंड में 41.1 डिग्री, खरगोन-श्योपुर में 41 डिग्री, गुना में 41.7 डिग्री, जबलपुर में 41.6 डिग्री, ग्वालियर में 41.2 डिग्री, भोपाल में 40.6, खंडवा में 40.5 डिग्री, उज्जैन में 40.2 डिग्री, इंदौर-छिंदवाड़ा और सिवनी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### आज यहां हीट वेव की चेतावनी

आज ग्वालियर, छिंदवाड़ा, छतरपुर, भिंड, निवाड़ी, दतिया, धार, टीकमगढ़, झाबुआ, पन्ना, रतलाम, रायसेन, सतना, बालाघाट, नर्मदापुरम, पांढुर्णा, मंडला, आलीराजपुर और सिवनी में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

## अंतर्मना उवाच

***खुश रहो और खुश रखो, क्योंकि परेशान होकर जीने से हमारी मुश्किलों का.. समाधान नहीं होता, बल्कि आज का सुकून भी छिन जाता है..!***

*रिश्तों को ऐसे बचाया जा सकता है-*

*●**पहली बात** – यदि आपको अपनों से कोई शिकायत है, तो सामने वाले व्यक्ति से शांत और सामान्य रूप से बात करें। बातों-बातों में उनकी अच्छी आदतों की सराहना करें और बिना लहजा बदले अपनी शिकायत भी रख दें। इससे न बहस होगी, न दूरी और समाधान भी निकल आएगा।*

*● **दूसरी बात** – यदि आप अपनी चिंताओं को रिश्तों पर थोपते हैं, तो समस्या और बढ़ सकती है। अक्सर पुरुष अपनों की भावनाओं को आसानी से नहीं समझ पाते, जबकि महिलाएँ भावनाओं को अधिक सहजता से समझ लेती हैं। यदि आपकी माँ, पत्नी या कोई करीबी मित्र आपकी परेशानी या चिंताओं को सुनना चाहता है, तो उन्हें सरल और सहज शब्दों में बताइए। इससे मन का भारीपन कम होगा और रिश्तों में अनावश्यक तनाव नहीं आएगा।*

*●**तीसरी बात** – रिश्तों में एक-दूसरे की बात को सुनने, सहने और समझने की कला होनी चाहिए। बात करते समय आक्रामक अंदाज़ या ऊँची आवाज़ रिश्तों में दरार ला सकती है।*

*इसलिए --*

***जब भी अपनी बात रखें, भाषा सरल और शब्द मधुर रखें और बीच-बीच में थोड़ा हास्य भी हो, ताकि संवाद सहज और रुचिकर बना रहे...!!!***



परतापुर, ज़िला- बांसवाड़ा (राजस्थान) खुले आसमान में भरी दोपहरी के 1 बजे 41डिग्री तापमान में तपस्वी सम्राट, अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज सामायिक करते हुए। सूरज की तपिश से धरती तप रही है, पर उनकी साधना अडिग है। न छाँव, न आसन, केवल आत्म-लीनता। पसीने की बूंदें भी मानो तप का अभिषेक कर रही हो...

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## आईपीएस अफसर पर अमर्यादित बयान मामला

## विधायक प्रीतम लोधी भोपाल तलब, आज संगठन पदाधिकारियों के सामने रखेंगे पक्ष

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश में बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी के विवादित बयान को लेकर पार्टी संगठन ने नोटिस जारी किया था, अब बीजेपी ने विधायक लोधी को तत्काल तलब किया है। वे भोपाल भी आ चुके हैं। संभवत आज संगठन पदाधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विधायक प्रीतम लोधी को नोटिस जारी किया। जिसमें उन्होंने विधायक के बयान को आपत्तिजनक बताया गया। साथ ही लिखा कि उनका यह आचरण पार्टी के अनुशासन के अनुरूप नहीं है। तीन दिन में विधायक से स्पष्टीकरण मांगा है, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। बता दें 16 अप्रैल को प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी की थार गाड़ी से



शिवपुरी की करैरा तहसील में 5 लोगों को टक्कर मारी थी। इसके बाद करैरा थाने में ही दिनेश लोधी के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस ने थार गाड़ी भी जब्त की थी। 19 अप्रैल को पुलिस ने दिनेश लोधी को थाने तलब किया। दिनेश से पूछताछ की, घटना स्थल पर पैदल लाया गया। उसके बाद कार सुपुर्द कर दी गई। इसके बाद एसडीओपी डॉ आयुष जाखड़ को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की। जो सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

## केंद्र सरकार बोली

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों को पूरी तरह खारिज किया है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और ये खबरें भ्रामक हैं। सरकार के मुताबिक, भारत में पिछले चार वर्षों से पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं और उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय कीमतों से बचाया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ट्वीट कर लिखा, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबरें आ रही हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। ऐसी खबरें नागरिकों में भय और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फैलाई जा रही हैं और ये दुर्भावनापूर्ण एवं भ्रामक हैं। वास्तव में, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले चार वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने भारतीय नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाली तीव्र वृद्धि से बचाने के लिए निरंतर कदम उठाए हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है, 25-28 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो सकती है।




## बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले

### हजारों श्रद्धालु बने पावन क्षण के साक्षी, 25 क्विंटल फूलों व फलों से सजा मंदिर

**बदरीनाथ (चमोली) ■ एजेंसी**

बदरीनाथ मंदिर के कपाट आज सुबह सवा छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के पावन पल के साक्षी बने। इससे पहले बुधवार को ही उद्दव, तेल कलश और आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी बदरीनाथ धाम पहुंच गई थी, जबकि कुबेर की डोली रात्रि प्रवास के लिए बामणी गांव पहुंची। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के प्राचीन मठ-मंदिरों तक को 25 क्विंटल ऑर्किड और गेंदे के फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र जगमगा उठा है। बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक लौट आई है।

## ईरान जंग: सीजफायर के बाद भी तनाव बरकरार

## ईरान की अमेरिका को दो टूक, बातचीत चाहिए तो खत्म करनी होगी नाकाबंदी

### ट्रंप ने कहा- कल तक अच्छी खबर आ सकती है

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

ईरान और अमेरिका के बीच 22 अप्रैल को सीजफायर खत्म हो गया था। ट्रम्प ने इसके खत्म होने से पहले ही इसे एकतरफा तरीके से आगे बढ़ा दिया था। लेकिन ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने कहा कि मौजूदा समय में सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर शुक्रवार तक अच्छी खबर आ सकती है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने एक संदेश में यह बात कही। पाकिस्तानी अधिकारियों ने भी संकेत दिया है कि ईरान के साथ अगले 36 से 72 घंटों के भीतर नई बातचीत शुरू हो सकती है। हालांकि, ईरान का कहना है कि उसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ नए दौर की वार्ता में शामिल होगा या नहीं। वहीं, राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने बुधवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान



बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उसके विरोधी धमकियों और आक्रामक कदमों के जरिए बातचीत को कमजोर कर रहे हैं।

**अराघची ने दक्षिण कोरिया के विशेष दूत से से मुलाकात:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दक्षिण कोरिया के विशेष दूत चांग ब्योंग-हा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में अस्थिरता के लिए अमेरिका और इस्त्राइल को जिम्मेदार ठहराया। अराघची ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र और होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका-इस्त्राइल की आक्रामकता ही असुरक्षा की असली जड़ है। उन्होंने इन देशों के कामों को अपराध बताया और अन्य देशों से इनकी निंदा करने की अपील की। पेजेश्कियन ने अमेरिका को एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि वे बातचीत और समझौते के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक कूटनीति के रास्ते अभी बंद नहीं हुए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसके लिए अमेरिका को होर्मुज जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाकाबंदी तुरंत खत्म करनी होगी।

**इस्त्राइल के हमले में लेबनानी पत्रकार अमल खलील की मौत:** दक्षिणी लेबनान में इस्त्राइली हवाई हमले में लेबनानी पत्रकार अमल खलील की मौत हो गई। वह इस्त्राइल-हिजबुल्ला संघर्ष की रिपोर्टिंग कर रही थीं और हमले के दौरान एक घर में शरण ली हुई थी। बचावकर्मियों के अनुसार, उनका शव मलबे से कई घंटे बाद निकाला गया।

### ईरान ने होर्मुज में तीसरे जहाज पर किया हमला

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीसरे जहाज पर हमला किया, जिससे युद्ध खत्म करने की कोशिशों पर सवाल उठ रहे हैं। जिस जहाज पर हमला हुआ उसका नाम यूफोरिया है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यह जहाज ईरानी तट पर फंस गया था, लेकिन उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले ईरान ने दो अन्य जहाजों पर हमला करके उन्हें अपने कब्जे में ले लिया था।

## पुलिस और जनता के बीच बढ़ा विश्वास, भंवरकुआं में डीसीपी ने सुनी रहवासियों की समस्याएं

**इंदौर, निप्र।** पुलिस और आमजन के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने और विश्वास की डोर को अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भंवरकुआं क्षेत्र में विशेष जनसंवाद और मोहल्ला मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने न केवल नागरिकों की समस्याएं सुनीं, बल्कि उनके त्वरित निराकरण के लिए आश्वस्त भी किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त (जोन-04) आनंद कलादगी ने रहवासियों के बीच पहुँचकर उनसे सीधा संवाद किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त विजय चौधरी और थाना प्रभारी संतोष दूधी भी मौजूद रहे। डीसीपी ने रहवासियों द्वारा उठाई गई क्षेत्रीय समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। स्थानीय नागरिकों और नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों ने भी कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का संकल्प लिया।

छात्रों को भविष्य और सुरक्षा का पाठ: चूंकि भंवरकुआं क्षेत्र शहर का प्रमुख एजुकेशन हब है, इसलिए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। अधिकारियों ने युवाओं से उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया।

## सागर में शादी की खुशियां मातम में बदलीं, डबरी में डूबने से मासूम की मौत

सागर ■ निसं

सागर के खिमलासा क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान डबरी में नहाने गए 8 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। करीब 27 घंटे बाद उसका शव बरामद हुआ, जिससे परिवार में मातम छा गया।

सागर के खिमलासा थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां बसाहरी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए आठ वर्षीय मासूम की डबरी (छोटा जलाशय) में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार दोपहर को हुए इस हादसे के करीब 27 घंटे बाद बुधवार को बच्चे का शव बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक, भानगढ़ थाना क्षेत्र के ढांड गांव निवासी राजाराम कुशवाहा अपने परिवार के साथ बसाहरी गांव के गोड बब्बा मंदिर के पास एक शादी समारोह में आए थे। मंगलवार को उनका 8 वर्षीय बेटा राज कुशवाहा और 11 वर्षीय बेटी चाहत कुशवाहा



पास ही बनी एक डबरी में नहाने चले गए।

डबरी से करीब 50 मीटर दूर खड़े पिता राजाराम ने जब बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनी, तो वे तुरंत उन्हें बचाने दौड़े। उन्होंने अपनी बेटी चाहत को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन राज गहरे पानी में चले जाने के कारण ओझल हो गया।

ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 के आरक्षक मलखान पाल और पायलट राजेश्वर यादव मौके पर पहुंचे। इसके बाद सागर से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। मंगलवार देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार को करीब 27 घंटे बाद बच्चे का शव पानी की सतह पर तैरता हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद से शादी वाले घर और पीड़ित परिवार में शोक की लहर है।

## 04 मई को बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने व पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक

**खरगोन।** बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने एवं पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 04 मई 2026 को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में जिला मुख्यालय पर पदस्थ संबंधित अधिकारी बाढ़, आपदा एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए आवश्यक पूर्व तैयारियों के संबंध में कार्यध्दायित्व से संबंधित आवश्यक जानकारी लेकर उपस्थित रहेंगे। वही अनुभाग, तहसील, ब्लॉक लेवल पर पदस्थ अधिकारी गुगल मीट के माध्यम से जुड़ेंगे।

## डिप्लोमा भूतपूर्व विद्यार्थियों को विशेष राहत, अनुत्तीर्ण विषयों के लिए मिलेगा अंतिम अनुकम्पा अवसर

**खरगोन।** भोपाल स्थित राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा भूतपूर्व विद्यार्थियों को एक महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार सत्र 2010 से सत्र 2018 के बीच प्रवेश लेने वाले ऐसे छात्र-छात्राएँ, जो निर्धारित समयावधि एवं अनुकम्पा अवसर के बाद भी डिप्लोमा उत्तीर्ण नहीं कर पाए हैं, उन्हें विशेष अनुकम्पा अवसर दिया जा रहा है। इस विशेष व्यवस्था के अंतर्गत पात्र छात्रध्छात्राएँ अपने पाठ्यक्रम के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा में परीक्षादृमईध्जून 2026 अथवा दिसम्बर 2026 में सम्मिलित हो सकेंगे। यह अवसर केवल उन्हीं भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए मान्य होगा, जिन्होंने अपने पाठ्यक्रम के सभी विषयों का अध्ययन पूर्ण कर लिया है, परंतु कुछ विषयों में अनुत्तीर्ण रह गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे शीघ्र ही अपनी-अपनी संस्था की परीक्षा शाखा से संपर्क करें। परीक्षा आवेदन पत्र के साथ विद्यार्थियों को 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## पृथ्वी दिवस पर एकलव्य आदर्श विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का संदेश


**खरगोन।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रकला, लघु नाटक एवं भाषण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। आयोजित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हुआ। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतिकरण के जरिए पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी चैहान ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण से जुडे छोटे-छोटे प्रयास अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### हाईकोर्ट ने कहा- 27 अप्रैल तक मुहैया कराएं

## भोजशाला सर्वे की वीडियोग्राफी सभी पक्षकारों को देनी होगी

इंदौर ■ निसं

धार की भोजशाला को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट ने निर्देश देते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सर्वे की वीडियोग्राफी सभी पक्षों को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। 98 दिनों तक चले सर्वे के वीडियो अब मामले की सुनवाई में अहम भूमिका निभा सकते हैं। धार भोजशाला मामले में अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मुस्लिम पक्ष सहित अन्य पक्षकारों को सर्वे की वीडियोग्राफी मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने 27 अप्रैल तक सभी पक्षों को वीडियो क्लिप्स उपलब्ध कराने को कहा है।



एएसआई की तरफ से यह भी कहा गया कि इतने फुटेज उपलब्ध कराना आसान नहीं होगा, क्योंकि सर्वे 98 दिनों तक चला है और हर दिन की वीडियोग्राफी की गई है। कोर्ट ने कहा कि तकनीकी माध्यमों के जरिए इसे उपलब्ध कराया जाए। धार स्थित भोजशाला मामले में नियमित सुनवाई चल रही है। दो पक्षकारों ने अपने तर्क प्रस्तुत किए हैं। इसके अलावा एएसआई को भी पक्ष रखने का मौका दिया गया। अब मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क रखे हैं और फिर वीडियोग्राफी की पुरानी मांग दोहराई है। हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को आदेश दिया है कि भोजशाला में किए गए सर्वे की पूरी वीडियोग्राफी सभी पक्षों को उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट ने कहा है कि 27 अप्रैल तक हर हाल में वीडियो क्लिप्स संबंधित पक्षों को दी जाएं, ताकि वे इन वीडियो के आधार पर अपने तर्क पेश कर सकें।

जब भोजशाला मामले में सुनवाई हुई थी, तब मुस्लिम पक्ष की तरफ से सर्वे की वीडियोग्राफी मुहैया कराने की मांग की गई थी। इसके अलावा इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट की शरण भी ली गई थी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

अब सुनवाई के दौरान फिर मुस्लिम पक्ष ने यह मांग दोहराई, तो कोर्ट ने सभी पक्षकारों को वीडियो फुटेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस आदेश के बाद आने वाली सुनवाई में वीडियो फुटेज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि इसी आधार पर दोनों पक्ष अपने दावे और तर्क मजबूत करेंगे। आपको बता दें कि 98 दिनों तक एएसआई ने भोजशाला में अलग-अलग तकनीकों से सर्वे किया है और 2000 पेज से अधिक की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की है।

## हर्षोल्लास से मनी भगवान परशुराम जयंती ढोल नगाड़ों के साथ निकली शोभायात्रा



माखननगर ■ निसं

सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परसुराम का प्राकट्य उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस अवसर पर रथ में सवार भगवान परसुराम की मूर्ति की शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण पर निकली जिसका जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। भाजपा, कांग्रेस सहित स्वयम् सेवी संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा में सामिल महिला पुरूषों के स्वागत में जल, सरबत, आइसक्रीम खिलाई गई।

स्थानीय परसुराम भवन में प्रतिभा सम्मान सहित विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें प्रतिभा सम्मान के साथ प्रतियोगिता में विजेता उपविजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला पुरूष व बच्चे सामिल हुए।



## सेवा भारती द्वारा सेवा बस्तियों में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर सम्पन्न

भोपाल, सेवा भारती नानक मंडल भोपाल के तत्वाधान में चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से गांधी नगर स्थित सेवा भारती गांधी दिव्यांग आश्रम में निशुल्क चिकित्सा प्रसुति एवं स्त्री रोग जांच शिविर श्रीमती डॉ स्नेहा गोयनका, डा सीताराम पाल, डॉ राधेश्याम, डॉ अभिषेक शुक्ला सहित अन्य सहयोगियों ने शिविर में 115 मरीजों की सोनोग्राफी, ब्लड प्रेशर, शुगर, पैथोलॉजी जांचएवं नेत्र परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां भी दी सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया शीघ्र ही शहर के अन्य बस्तियों में भी निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे इस अवसर पर सेवाएं देने वाले डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का सेवा भारती के सचिव प्रद्युम्न गुप्ता, सेवक स्वास्थ्य आयाम प्रभारी डॉ दिनेश शर्मा, अमित टडैया, चेतन पटेल, मनोज शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, मुकेश शर्मा, दिनेश पवार, विनीत जैन एवं मनोज रावत ने गमछा ओढ़ा ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया इस अवसर पर अंजू मेहरा, ऊषा पंथी, मोहिनी गढ़वाल, राधा विश्वकर्मा एवं अर्चना मेहरा आद का योगदान रहा।

## एकलव्य आदर्श विद्यालय झिरन्या में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

खरगोन ■ निसं

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित पात्रता मापदंडों एवं मेरिट के आधार पर संपन्न की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसकी गणना 31 मार्च 2026 तक की जाएगी। विद्यालय में कुल 40 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 9 सीटें बालकों एवं 31 सीटें बालिकाओं के लिए निर्धारित की गई हैं।

प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इसके पश्चात प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 01 मई 2026 को किया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची के अनुसार किया जाएगा।

आवेदन करने के लिए इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं अथवा विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र कक्षा 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र के साथ अंतिम तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

### साधु-संतों का आगमन समाज में सकारात्मकता

## आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन लाता है: पूर्व मंत्री पटेल

हरदा ■ निसं

आज ग्रह ग्राम रातातलाई निवास, जिला हरदा में मां नर्मदा जी की परिक्रमा के कर रहे पूज्य अवधेश चैतन्य जी (दाता) महाराज सूरजकुंड वालों का आगवन हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल, राजेश पटेल गोयत, ओलंपिक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संदीप पटेल द्वारा पूज्य गुरुदेव और साधु, संतों का आत्मीय स्वागत, बंधन एवं अभिनंदन किया वही महाराज जी अब साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया वही मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने बताया कि साधु-संतों का आगमन समाज में सकारात्मकता, आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन लाता है। वे त्याग, प्रेम, और करुणा के प्रतीक हैं, जो मानवता को सही मार्ग दिखाते हैं। उनका आगमन क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ आशीर्वाद का माध्यम बनता है। इनके



सान्निध्य में सत्संग और दर्शन से आध्यात्मिक उन्नति होती है।

साधु-संत समाज को सत्य, अहिंसा, और सेवा का मार्ग सिखाते हैं, जो हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके आगमन पर भक्तगण उनके आशीर्वचनों से अभिभूत होते हैं, जिससे क्षेत्र में सुख और शांति की भावना बढ़ती है।संतों का सान्निध्य और उनका दर्शन (संग) तीर्थ स्थलों से भी बढ़कर होता है, जो जीवन में आत्म-संयम लाता है। साधु संत अपनी शिक्षाओं के माध्यम से मानवता को एक समान मानते हैं और समाज में फैले भेद-भाव को दूर करने का प्रयास करते हैं।

### बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार

## एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से 20 वर्ष से लंबित समस्या का समाधान

सिवनी मालवा ■ निसं

क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एसडीएम विजय राय ने एक जटिल मामले में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है। उनके हस्तक्षेप से 20 वर्षों से दस्तावेजी अड़चनों में उलझे एक परिवार को जाति प्रमाण पत्र मिल सका, जिससे अब बच्चों की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अर्चनागांव के मूल निवासी बिशन सिंह मर्सकोले करीब 20 वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में अपना गांव छोड़कर तहसील टिमरनी के ग्राम दूधकच्छ में निवास करने लगे थे। लंबे समय तक मूल निवास स्थान से दूर रहने के कारण उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में जाति प्रमाण पत्र बनवाने में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

मामले की गंभीरता तब सामने आई जब यह ज्ञात हुआ कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में बिशन सिंह के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम विजय राय ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बच्चे की शिक्षा तकनीकी कारणों से बाधित नहीं होनी चाहिए।

उनके मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा त्वरित जांच कर आवश्यक साक्ष्यों का मिलान किया गया और नियमानुसार बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। प्रशासन की इस सक्रियता से न केवल परिवार को राहत मिली, बल्कि बच्चों के भविष्य को भी नई दिशा मिली है।

प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर आवेदक बिशन सिंह मर्सकोले ने एसडीएम विजय राय एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर सहायता मिलने से अब उनके बच्चों का विद्यालय में प्रवेश संभव हो सकेगा।

यह कार्रवाई प्रशासन की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का एक सराहनीय उदाहरण है।

## विश्व वसुंधरा दिवस पर सांदीपनि विद्यालय टेमला में 'पंछी मित्र अभियान' का आयोजन

### इको क्लब के तत्वावधान में विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**खरगोन, निप्र।** सांदीपनि विद्यालय टेमला में इको क्लब के तत्वावधान में विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर 'पंछी मित्र अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जीव-दया एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कलाकृतियों के माध्यम से पक्षियों के संरक्षण, जल-संरक्षण एवं पृथ्वी को हरा-भरा रखने का प्रेरक संदेश दिया।गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में 'दाना-पानी अभियान' भी चलाया गया। विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर के पेडों एवं सुरक्षित स्थानों पर मिट्टी के सकोरे रखे गए, ताकि तपती गर्मी में पक्षियों को दाना एवं पानी उपलब्ध कराया जा सके। इको क्लब के सदस्यों ने इन सकोरों में नियमित रूप से दाना-पानी भरने का संकल्प लिया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अशोक सिंह पंवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस मानवीय पहल की सराहना की तथा प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए निरंतर ऐसे प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

### संघर्ष, मेहनत और हौसले से बनी सफलता की मिसाल, कभी सब कुछ छूट गया

## आज करोड़ों का साम्राज्य हरसूद से विस्थापन के बाद खंडवा में दो भाइयों ने रचा इतिहास

खण्डवा ■ निसं

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के हरसूद क्षेत्र से जुड़ी यह कहानी सिर्फ दो भाइयों की सफलता नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और मेहनत की एक ऐसी मिसाल है, जो हर किसी को प्रेरित करती है।समाज सेवी सुनील जैन ने बताया की रितेश गोयल और योगेश गोयल, जिनका बचपन और जीवन का शुरुआती दौर आर्थिक तंगी और मुश्किल हालातों में बीता, आज निमाड़ के बड़े उद्योगपति और कॉलोनाइजर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। सुनील जैन ने बताया कभी ऐसा समय था जब एशिया का सबसे बड़ा विस्थापन हरसूद नगर एवं आसपास के कई गांव का हुआ। हरसूद क्षेत्र नर्मदा परियोजना के चलते डूब में आ गया और हजारों परिवारों की तरह इन दोनों भाइयों का भी सब कुछ छूट गया। घर, कारोबार,



पहचान-सब पीछे छूट गया और उन्हें मजबूरी में खंडवा आकर नई जिंदगी शुरू करनी पड़ी। यह दौर उनके जीवन का सबसे कठिन समय था, जहां हर दिन एक नई चुनौती लेकर आता था। रितेश गोयल बताते हैं कि उनका पुस्तैनी काम व्यापार का था और हरसूद में उनकी फैक्ट्री और कारोबार स्थापित था। लेकिन विस्थापन के बाद सब कुछ खत्म हो गया। ऐसे में उन्होंने हार मानने के बजाय अपने छोटे भाई योगेश गोयल के साथ मिलकर फिर से शुरुआत करने का फैसला लिया.शुरुआत छोटे स्तर से हुई। मंडी में काम किया, पुराने व्यापार को फिर से खड़ा करने की कोशिश की और धीरे-धीरे नए क्षेत्रों में भी कदम बढ़ाए। गिट्टी और निर्माण से जुड़े कामों में हाथ आजमाया और अनुभव हासिल किया। इसके बाद दोनों भाइयों ने कॉलोनी डेवलपमेंट के क्षेत्र में कदम रखा। यह फैसला उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। मेहनत, ईमानदारी और दूरदृष्टि के दम पर उन्होंने एक-एक करके कई प्रोजेक्ट शुरू किए और आज निमाड़ क्षेत्र में उनके 14 से 15 बड़े कॉलोनी प्रोजेक्ट चल रहे हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आज उनकी पहचान सिर्फ एक सफल कारोबारी के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे उद्यमी के रूप में है, जिन्होंने सैकड़ों लोगों को रोजगार दिया। उनका लक्ष्य हमेशा से यही रहा कि वे खुद आगे बढ़ें और दूसरों को भी आगे बढ़ने का मौका दें. व्यवसाय के साथ-साथ उन्होंने समाज और धर्म के क्षेत्र में भी बड़ा योगदान दिया है। छैगांव माखन स्थित दिव्य बालाजी नगर में वे 81 फीट ऊंची भगवान तिरुपति बालाजी की भव्य मूर्ति का निर्माण करवा रहे हैं, जो आने वाले समय में पूरे क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र बन सकती है.

इतना ही नहीं, ओंकारेश्वर में केदारेश्वर धाम मंदिर निर्माण की योजना भी उनके द्वारा तैयार की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को स्थानीय स्तर पर ही धार्मिक सुविधाएं मिल सकें। इन धार्मिक परियोजनाओं के लिए ट्रस्ट बनाने की भी योजना है, ताकि भविष्य में इनका संचालन व्यवस्थित रूप से हो सके.

आज स्थिति यह है कि उनका 'बालाजी ग्रुप' निमाड़ क्षेत्र में एक बड़ा नाम बन चुका है। उनकी कॉलोनियों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और उनका कारोबार करोड़ों में पहुंच चुका है।

### संघर्षों से भरे इस सफर में कई उतार-चढ़ाव आए

शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 'एंजेल प्लेनेट स्कूल' के माध्यम से वे बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। इस स्कूल के कई बच्चों ने जिला और प्रदेश स्तर पर उपलब्धियां हासिल कर खंडवा का नाम रोशन किया है। रितेश गोयल बताते हैं कि जब वे खंडवा आए थे, तब उनके पास बहुत सीमित संसाधन थे। उसी में उन्होंने एक छोटा मकान खरीदा और वहीं से अपने नए जीवन की शुरुआत की। संघर्षों से भरे इस सफर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

## 54 किसानों से 916 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी, 963 किसानों ने कराया स्लॉट बुक

**बालाघाट।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 15 अप्रैल से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 22 अप्रैल तक जिले के 54 किसानों से 916 क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।



## राज्यपाल पटेल से भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी मिले

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से बुधवार को लोकभवन में भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल का पौधा, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। राज्यपाल पटेल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल पटेल को आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान ने प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हम सब का दायित्व

# सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिये करें समन्वित प्रयासः मंत्री कुशवाह

भोपाल ■ अमृत दर्शन

चिंतन शिविर संपन्न सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। विभाग के मैदानी अमले की योजनाओं और कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर उतारने में भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए, योजनाओं को लागू करने के साथ नीति निर्माण में उनके सुझाव को कैसे शामिल किया जा सकता है इस विषय पर विस्तृत विचार विमर्श के लिये सामाजिक न्याय





विभाग द्वारा विभागीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग मानवीय संवेदनाओ से जुड़ा विभाग है। इसके माध्यम से हम कमजोर और असहाय लोगों की सहायता कर सकते है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा ईश्वर सेवा से कम नहीं है।मंत्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुँचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि विभागीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाई जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिंतन शिविर में विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि जिलों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। साथ ही, हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए प्रक्रियाओं को सरल एवं सुगम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों, दिव्यांगजन एवं वंचित समुदायों के सशक्तिकरण के लिए विभाग सतत प्रयासरत है। अधिकारियों को सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए जनसमस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। वृद्धजनों के लिए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## प्लॉट बेचने के नाम पर किसान से 9 लाख की ठगी

**भोपाल।** हबीबगंज पुलिस ने किसान की शिकायत पर दो लोगो के खिलाफ प्लॉट बेचने के नाम पर ठगी का मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपियो ने एग्रीमेंट करने के बाद रकम ले ली लेकिन तीन साल तक रजिस्ट्री नहीं कराई। इसके बाद पीड़ित पुलिस थाने जा पहुचां। किसान के आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बिलखिरिया में रहने वाले हेमराज चौकसे पिता नारायण सिंह (40) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह पेशे से खेती-किसानी करते हैं। तीन साल पहले उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर सुमित कुम्हरे की मध्यस्था से चौकसे नगर स्थित एक प्लॉट का सौदा शहदेव साहू से किया था। बातचीत के बाद सौदा तय होने पर उसने 50 हजार रुपए लिए। बाद में 2023 में दोनों पक्षों के बीच 6 नंबर स्टॉप स्थित एक नोटरी के दुकान पर अनुबंध हुआ। इस एग्रीमेंट के तहत हेमराज ने 9 लाख रुपए दे दिए। पैसे लेते समय शहदेव ने कुछ ही दिनों में रजिस्ट्री कराने की बात कही थी। बाद में हेमराज जब भी उससे रजिस्ट्री कराने की बात कहते तो शहदेव कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता था। कई महीने बीत जाने के बाद भी जब उसने रजिस्ट्री नहीं कराई तब परेशान फरियादी ने थाने में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने दोनो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## 8 सालों से 6 मामलों में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**भोपाल।** थाना निशातपुरा पुलिस ने 8 सालो से 6 मामलो में फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को दबोचा है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज पटवा से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन टीम को मुखबिर से सूचना मिली की थाना इलाके का निगरानी चाकूबाज बदमाश इरफान खान उर्फ चपाती जो कई सालो से अनेक मामलो मे फरार चल रहा है, वह अरवलिया झुग्गी थाना ईटखेडी में रह रहा है, और अपने घर पर ही मौजूद है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी करते हुए वारंटी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया की पकड़ाये बदमाश इरफान खान उर्फ चपाती पिता जैद उल्ला (26) निवासी फिजा कालोनी करोंद साल 2018 से लगातार फरार चल रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न न्यायालयो से 5 स्थाई गिरफ्तारी तथा 1 गिरफ्तारी वारंट जारी होना पाया गया। बदमाश के खिलाफ छुरी बाजी, अडिबाजी, मारपीट, अवैध हथियार रखने, पाक्सो एक्ट के अपराधो में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी है।

### मुख्यमंत्री ने विराट हॉस्पिटल के विश्वात्मा इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियो थैरेपी एंड ट्रीटमेंट सेंटर का किया वर्चुअली उद्घाटन

# सरकार कैंसर रोगियों को राहत दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैंसर जैसी व्याधि व्यक्ति के साथ ही परिवार के लिए कठिनाई का कारण बनती है। मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए कैंसर जैसे गंभीर रोगों से प्रभावितों को राहत दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मध्यप्रदेश सरकार का यह दृष्टिकोण है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, यही श्रेष्ठ मार्ग है। जबलपुर में 100 बिस्तर क्षमता के विश्वात्मा इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियो थैरेपी एंड ट्रीटमेंट सेंटर प्रारंभ होने से कैंसर रोगियों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। अब इस क्षेत्र के लोगों को नागपुर जैसे नगरों में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर के विराट हॉस्पिटल के विश्वात्मा इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियो थैरेपी एंड ट्रीटमेंट सेंटर का वर्चुअली उद्घाटन कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया।




इस अवसर पर 88 लाख रूपए की लागत से निर्मित ब्रम्हऋषि बाबरा पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विराट हॉस्पिटल की संचालिका परम पूज्य साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी का अभिनंदन किया, जिन्होंने परोपकार के संकल?प के साथ इस प्रकल्प को मूर्त रूप दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुभ कार्यों का संकल्प अभिव्यक्त और क्रियान्वित होता है तो हृदय अभिभूत हो जाता है और क्षेत्र में मध्यान्ह के सूर्य की भांति ऐसे कार्यों का तेज प्रकाश दिखाई देता है। उन्होंने इस नई सौगात के लिए सभी सहयोगियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विराट हॉस्पिटल परिसर में विद्यालय और गौशाला का संचालन भी किया जा रहा है, जो सराहनीय है।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि डॉ. अखिलेश गोमास्ता ने 14 अप्रैल 2013 को इस विराट हॉस्पिटल को प्रारंभ किया था। आज हॉस्पिटल का नई सुविधाओं के साथ उन्नयन हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रीय गौ सेवा प्रकोष्ठ के श्री फैज अहमद खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्वामी राघवदेवाचार्य, महंत विनोदानंद, संत बालकदास जी के साथ अन्य पूज्य संतवृंद, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक, लोकसभा सदस्य श्री आशीष दुबे, श्री दर्शन सिंह, विधायक श्री नीरज सिंह, जबलपुर के महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ट्रेनों के एसी कोच में सो रही महिला मुसाफिरों के हैंड बैग चोरी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

चलती ट्रेनों के एसी कोच में सफर के दौरान सो रही दो महिला मुसाफिरो के हैंड बैग पर अज्ञात चोरो ने हाथ साफ कर दिया। भोपाल जीआरपी पुलिस के अनुसार नवरतन कुमावत ने अपनी शिकायत में बताया की वह रिंगस स्टेशन से भुसावल जाने के लिये हिसार एक्सप्रेस में पत्नी नीतू कुमावत के साथ ए-3 कोच में सफर कर रहे थे। सफर के दौरान उनकी पत्नि की नींद लग गई, भोपाल जंक्शन आने से पहले देखा तो पत्नि का हैंड बैग गायब हो चुका था। चोरी गये बैग में 19 हजार की नगदी, हीरे की अंगूठी, चांदी की रिंग, पांच एटीएम कार्ड समेत अन्य दस्तावेज रखे थे। चोरी की दूसरी घटना तैलंगाना एक्सप्रेस के बी-1 कोच में हुई। 64 वर्षीय रवींद्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह हैदराबाद में रहते हैं, और रिटायर्ड सैन्य अधिकारी हैं। अपनी पत्नि रोशनी देवी सिंह के साथ मथुरा जंक्शन से हैदराबाद के सिकंदराबाद में जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। भोपाल जंक्शन आने पर देखा तो पत्नि का पर्स चोरी हो चुका था। उसके भीतर पायल ओर मोबाइल रखा था। भोपाल जीआरपी को यह दोनों मामलो की केस डायरी दूसरे जीआरपी से ट्रांसफर होकर जांच के लिए मिली है।

## आत्मबोध से विश्वबोध' विषयक संगोष्ठी 24 को

भोपाल। अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, मध्यभारत प्रान्त एवं भोपाल इकाई के संयुक्त तत्त्वावधान में 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषयक संगोष्ठी का आयोजन 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार, शाम 5 :00 बजे दुष्यंत संग्रहालय, शिवाजी नगर, भोपाल में किया जाएगा।

## सुरक्षा गार्डों को टक्कर मारने वाले एसयूवी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

भोपाल ■ अमृत दर्शन

करीब दो महीने पहले बंसल वन के निजी सुरक्षाकर्मियों पर एसयूवी वाहन चढ़ाने वाले चालक के खिलाफ रानी कमलापति जीआरपी ने प्रकरण दर्ज किया है। घटना में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार धीरज सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की 22 फरवरी को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के निकलने वाले गेट पर देर रात एक एसयूवी आई थी।

उस समय धीरज सिंह के साथ कमल तिवारी और अनीस पॉल भी ड्यूटी पर थे। उन्होनें एसयूवी वाहन चालक को बताया गया कि रात बारह बजे के बाद यहॉ से एंट्री प्रतिबंधित हैं। लेकिन एसयूवी में सवार तीनो युवक जर्बदस्ती उसी गेट से जाने पर अड़ गए। और मना करने के बाद भी चालक चेक पोस्ट के लगे बैरियर डोम को तोड़ते हुए सुरक्षाकर्मियों को टक्कर मारता हुआ भा गया।

# गैस एजेंसियों की जांच में मिली गड़बड़ियां

### अब एफआईआर की तैयारी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

रसोई गैस की कालाबाज़ारी रोकने के लिए भोपाल जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। भोपाल के जेके रोड स्थित फीनिक्स एचपीसीएल और कोटरा सुल्तानाबाद स्थित बीएस एचपी गैस एजेंसियों की खाद्य विभाग ने जांच पूरी कर ली है। खाद्य विभाग ने जांच रिपोर्ट एडीएम को सौंपी दी है। जांच में बताया गया है, कि एक एजेंसी खाद्य विभाग के ही रिटायर्ड अफसर और उनके रिश्तेदारों की है। अब जिला प्रशासन इन एजेंसियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार

इन दोनों गैस एजेंसियों में गैस सिलेंडर की सप्लाई की शिकायत मिली थी। इसके बाद फूड कंट्रोलर ने टीम से जांच करवाई थी। जांच में सामने आया करीब 36 हजार वर्गफीट क्षेत्र में दोनों एजेंसियों के साझा गोदाम बने हैं। स्टॉक



जांच में सबसे बड़ी गड़बड़ी फीनिक्स एजेंसी में मिली यहां 350 घरेलू, 350 कमर्शियल, और 2 हजार 5 किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडर गायब थे। वहीं बीएस एजेंसी के गोदाम में भी 254 भरे सिलेंडर गायब मिले यहां कमर्शियल सिलेंडर के स्टॉक में भी गड़बड़ी सामने आई। जांच में ये भी पता चला कि सिलेंडर बुक हुए, लेकिन ग्राहकों तक ही नहीं पहुंचे। गैस एजेंसियों के संचालकों ने बड़ी संख्या में सिलेंडरों में हेरफेर किया है, जिन्होंने ऑनलाइन गैस सिलेंडर बुक कराए थे, एजेंसियों की ओर से उन उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं पहुंचाए गए। जब उपभोक्ता एजेंसियों पर पहुंचे तो पता चला कि उनको सिलेंडर की डिलीवरी हो गई है, जबकि उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचे ही नहीं थे। जांच रिपोर्ट में कहा गया है, कि सिलेंडर अधिक पैसे लेकर किसी और को दिए गए। एजेंसियों के गोडाउन में स्टॉक के अनुसार भी सिलेंडर नहीं पाए गए। इन एजेंसियों की अलावा अन्य एजेंसियों और अवैध परिवहन, अवैध रिफिलिंग करने वालों की भी जांच रिपोर्ट एडीएम को दी गई है। 10 से 12 मामलों की जांच रिपोर्ट सौंपी गई है। इन एजेंसियों के संचालकों व अवैध गैस सिलेंडरों का परिवहन और रिफिलिंग करने वालों पर जुर्माना और एफआईआर हो सकती है। एजेंसियों का लाइसेंस निरस्त करने के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के अनुमोदन पर एडीएम संबंधित गैस कंपनियों को एजेंसियों का लाइसेंस निरस्त करने का प्रस्ताव जल्द भेजा सकता है।

# लैंसकार्ट के खिलाफ शिवसेना ने किया विरोध प्रदर्शन, पीयूष बंसल का पुतला फूंका

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित पॉलिसी डॉक्यूमेंट से लेंसकार्ट शोरूम के खिलाफ शुरू हुआ आक्रोश लगातार फैलता जा रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना भोपाल इकाई द्वारा लैसंकार्ट के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने कंपनी के रंगमहल चौराहा क्षेत्र में स्थित शोरूम पास जमा होकर जमकर नारेबाती करते हुए कंपनी के सीईओ पियूष बंसल का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान शिवसेना कार्यकर्ताओ ने शोरूम की ओर बढ़े और लेंसकार्ट के लोगो पर कालिख पोतने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद प्रशासन ने तुरंत ही उन्हें रोकते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने आरोप लगाते हुए



कहा की पीयूष बंसल ने ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने मामले की जांच की मांग करते हुए आशंका जताई कि कहीं इसके पीछे विदेशी फंडिंग तो नहीं है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि कंपनी में कर्मचारियों को तिलक, बिंदी और रक्षासूत्र पहनने से रोका जा रहा है, जबकि अन्य धर्मों के कर्मचारियों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पीयूष बंसल के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने और धार्मिक उन्माद फैलाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दिलीप परिहार और रोशनी ने देशवासियों से लेंसकार्ट के बहिष्कार की अपील भी की। प्रदर्शन में प्रदेश प्रवक्ता मांगीलाल सैनी, दिलीप परिहार (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा), रोशनी, टिंकू रैकवार, राज दोहरे, बंटी यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे एक दिन पहले मंगलवार को भी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने शो रुम के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों को तिलक लगाने के साथ ही कलावा बांधा था।

### पुलिस महानिदेशक मकवाणा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

# सिंहस्थ-2028 की तैयारियों पर उज्जैन में पुलिस सुरक्षा, साइबर एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का व्यापक प्रस्तुतीकरण

भोपाल ■ अमृत दर्शन

आगामी सिंहस्थ-2028 (महाकुंभ) के भव्य, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों को लेकर आज उज्जैन में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंहस्थ से जुड़ी पुलिस व्यवस्था, सुरक्षा संरचना, तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा एवं प्रशिक्षण रणनीति पर विस्तृत एवं समन्वित प्रस्तुतीकरण दिया गया।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने अपने संबोधन में कहा कि सिंहस्थ-2028 केवल एक



प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं वैश्विक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तकनीक, प्रशिक्षण, समन्वय एवं जनसहयोग के माध्यम से इस आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

'पुलिस ड्यूटी पोर्टल' का शुभारंभ एवं साइबर सुरक्षा पोस्टर का अनावरणः इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा 'पुलिस ड्यूटी पोर्टल' का शुभारंभ किया गया, जिसे ईएचआरएमएस प्रणाली से पूर्णतः एकीकृत किया गया है। यह पोर्टल सिंहस्थ-2028 में ड्यूटी हेतु इच्छुक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ऑनलाइन पंजीयन, सत्यापन, प्रशिक्षण, डेटा प्रबंधन एवं ड्यूटी आवंटन के लिए विकसित किया गया है। पोर्टल पर कार्मिक का एमप्लाई आईडी /यूनिक कोड दर्ज करने पर ईएचआरएमएस से डेटा स्वतः प्राप्त होता है तथा सत्यापन उपरांत पंजीकरण पूर्ण किया जाता है। सफल पंजीकरण पर एसएमएस के माध्यम से पुष्टि प्रदान की जाती है। यह प्रणाली मानव संसाधन प्रबंधन को अधिक पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाती है।

बैठक में 'सिंहस्थ साइबर सुरक्षा योजना' का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा संबंधित साइबर सुरक्षा पोस्टर का अनावरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करना, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, फेक न्यूज नियंत्रण, साइबर फ्रॉड रोकथाम, श्रद्धालुओं के डिजिटल डेटा की सुरक्षा एवं रियल टाइम साइबर इंटेलिजेंस प्रणाली को मजबूत करना है।

### दमोह के डायल 112 हीरोज

# जानलेवा हमले में घायल महिला को समय पर पहुंचाया अस्पताल, बचाई जान

भोपाल ■ अमृत दर्शन

दमोह जिले के थाना तारादेही क्षेत्र में डायल-112 जवानों की त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशील कार्यवाही से जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल एक महिला को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार दिलाया गया। इस त्वरित सहायता से पीड़िता को समय रहते चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

21 अप्रैल को थाना तारादेही अंतर्गत ग्राम सनाई में एक महिला पर उसके पति द्वारा हमला किए जाने की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डायल-112 एफआरव्ही-19 को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। सूचना प्राप्त होने पर दमोह डायल-




112 कंट्रोल रूम में तैनात आरक्षक रामनरेश द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए एफआरव्ही को तुरंत मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचकर आरक्षक देवकरण एवं पायलट नीरज वर्मा ने बिना समय गंवाए घायल महिला को तत्काल तेंदूखेड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। डायल-112 जवानों की समयबद्ध कार्रवाई से गंभीर रूप से घायल महिला को शीघ्र चिकित्सा सहायता मिल सकी। यह घटना दर्शाती है कि मप्र पुलिस की डायल-112 सेवा घरेलू हिंसा, आपराधिक घटनाओं एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता पहुंचाकर जनजीवन की सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## अनमोल वचन

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।
**अज्ञात**

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।
**मैक्स लर्नर**

## सम्पादकीय

### पुस्तकें हैं जीवन का दीप, समाधान का सेतु

*हर वर्ष 23 अप्रैल को समूचा विश्व ज्ञान, सृजनशीलता और मानवीय सभ्यता की अमूल्य धरोहर पुस्तकों का उत्सव मनाता है। यूनेस्को द्वारा 1995 में प्रारंभ किया गया यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लेखकों के सम्मान, सृजनाधिकार की रक्षा और पठन संस्कृति के संवर्धन का वैश्विक संकल्प है। इस तिथि का चयन भी अत्यंत अर्थपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन विलियम शेक्सपियर और मिगुएल डी सर्वांटेस जैसे महान साहित्यकारों का अवसान हुआ, जिनकी रचनाओं ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी। वर्ष 2026 में इस दिवस का मुख्य संदेश यह है कि व्यक्ति अपनी रुचियों के अनुसार पढ़े और पठन को आनंदमय अनुभव बनाए। आज आवश्यकता इस बात की है कि पढ़ने को बोझ नहीं, बल्कि आत्मविकास और आत्मानंद का माध्यम माना जाए। इसी क्रम में मोरक्को की राजधानी रबात को वर्ष 2026 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया गया है, जो इस तथ्य को रेखांकित करता है कि पुस्तक संस्कृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि समूची मानवता की साझा धरोहर है। पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं। संकट के समय में पुस्तकें सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं, यह तथ्य वैश्विक महामारी के दौर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जब लोगों ने अकेलेपन और अनिश्चितता के बीच पुस्तकों में ही आश्रय पाया। भारत में पुस्तक संस्कृति का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवपूर्ण रहा है। वेद, उपनिषद, रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों ने न केवल भारतीय समाज को दिशा दी, बल्कि समूचे विश्व को ज्ञान का प्रकाश प्रदान किया। नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय ज्ञान के ऐसे केंद्र थे, जहाँ दूर-दूर से विद्यार्थी अध्ययन हेतु आते थे। ताड़पत्रों और भोजपत्रों पर लिखी गई पांडुलिपियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखा। यह परंपरा केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और दर्शन के विविध आयाम समाहित थे। जीवन के अंधकारमय क्षणों में पुस्तकें सचमुच एक दीपक की तरह मार्ग को प्रकाशित करती हैं। जब मनुष्य समस्याओं, तनाव और द्वंद्व से घिर जाता है, तब पुस्तकें उसे नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। वे केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि एक सच्चे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में उसकी चेतना को जागृत करती हैं। पुस्तकें हमें यह सिखाती हैं कि हर समस्या का समाधान बाहर नहीं, भीतर की समझ और दृष्टि में छिपा होता है। चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने भी कहा था कि 'अज्ञानता मन का अंधकार है और ज्ञान ही उसका प्रकाश।' इसी प्रकार महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने जीवन की सरलता और संतुलन पर बल देते हुए बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जो मन को शांत और संतुलित बनाए। पुस्तकें इसी संतुलन की साधना कराती हैं-वे हमें सोचने, समझने और धैर्यपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती हैं। आधुनिक भारत में भी पुस्तक संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। आचार्य विनोबा भावे द्वारा स्थापित सर्वोदय साहित्य भंडार तथा आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित आदर्श साहित्य संघ जैसे संस्थानों ने नैतिक और प्रेरणादायक साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी रहा है। वर्तमान समय में जब तकनीकी साधनों का विस्तार हुआ है, तब भी पुस्तकों की उपयोगिता और महत्ता में कोई कमी नहीं आई है। यद्यपि अध्ययन के अनेक नए माध्यम विकसित हुए हैं, फिर भी मुद्रित पुस्तकों का आत्मीय स्पर्श और उनकी गहराई अद्वितीय है। पुस्तकें मनुष्य के विचारों को विस्तार देती हैं, उसे सही और गलत का बोध कराती हैं तथा जीवन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। भारत में पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहित करने में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई उल्लेखनीय पहलें हुई हैं। उन्होंने उपहार के रूप में पुष्पगुच्छ के स्थान पर पुस्तक देने का संदेश देकर समाज में ज्ञान के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल किया है। इसके साथ ही देशभर में पठन-पाठन और पुस्तकालयों के विकास को लेकर विभिन्न अभियान चलाए गए हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं में अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना है। यह प्रयास केवल साक्षरता बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक जागरूक, संवेदनशील और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था कि एक अच्छी पुस्तक अनेक मित्रों के समान होती है। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास में अत्यंत सहायक होती हैं। वे व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती हैं, समाज की विसंगतियों को समझने का दृष्टिकोण देती हैं और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करती हैं। प्रसिद्ध लेखिका टोनी मोरिसन का यह कथन भी उल्लेखनीय है कि यदि वह पुस्तक उपलब्ध नहीं है जिसे आप पढ़ना चाहते हैं, तो आपको स्वयं उसे लिखना चाहिए। यह विचार सृजनशीलता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करता है।*

## चिंतन-मनन

### कर्म का फल हैं योनियां

*जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अत: वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है। यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।*

# अनिवार्य मतदान जन जागरूकता की आवश्यकता और लोकतंत्र की सुदृढ़ता



**कांतिलाल मांडोत**

*हाल के राजनीतिक घटनाक्रम में यह स्पष्ट रूप से देखा गया कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि यह किसी एक दल का विषय नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का विषय है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि इस निर्णय को राजनीति के तराजू पर न तौला जाए बल्कि इसे देशहित में देखा जाए।*

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है जहां जनता को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। यह अधिकार केवल एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। जब नागरिक मतदान करते हैं तब वे अपने भविष्य की दिशा तय करते हैं और शासन व्यवस्था को आकार देते हैं। इसके बावजूद यह एक गंभीर सच्चाई है कि देश में बड़ी संख्या में लोग मतदान से दूर रहते हैं। यही कारण है कि अनिवार्य मतदान और जन जागरूकता की आवश्यकता आज अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गई है।

हाल के राजनीतिक घटनाक्रम में यह स्पष्ट रूप से देखा गया कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि यह किसी एक दल का विषय नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का विषय है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि इस निर्णय को राजनीति के तराजू पर न तौला जाए बल्कि इसे देशहित में देखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विपक्ष श्रेय लेना चाहता है तो वह ले सकता है लेकिन महिलाओं के अधिकारों को रोका नहीं जाना चाहिए। यह दृष्टिकोण लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने वाला है।

दूसरी ओर कई विपक्षी नेताओं ने इस विषय पर शंका और विरोध प्रकट किया। प्रियंका वाड्रा ने इसे राजनीतिक दृष्टि से प्रेरित बताया जबकि अखिलेश यादव ने इसे केवल नारे तक सीमित बताया। इसी प्रकार कपिल सिब्बल ने भी सरकार की मंशा पर प्रश्न उठाए। लोकतंत्र में प्रश्न उठाना आवश्यक है लेकिन हर विषय पर बिना ठोस आधार के विरोध करना उचित नहीं है। जब कोई निर्णय व्यापक जनहित से जुड़ा हो तो उसका समर्थन किया जाना चाहिए।

यहीं पर अनिवार्य मतदान का महत्व सामने आता है। यदि प्रत्येक नागरिक के लिए मतदान करना अनिवार्य हो जाए तो लोकतंत्र और अधिक सशक्त हो सकता है। इससे नागरिकों में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। लोग केवल दर्शक बनकर नहीं रहेंगे बल्कि सक्रिय भागीदार बनेंगे। इससे शासन व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक और संतुलित बनेगी।

भारत में यह देखा गया है कि कई बार शिक्षित वर्ग भी मतदान के प्रति उदासीन रहता है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की भागीदारी अधिक होती है। यह स्थिति बताती है कि समस्या केवल संसाधनों की नहीं बल्कि सोच की भी है। इसलिए आवश्यक है कि समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचे कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। जब तक यह भावना विकसित नहीं होगी तब तक लोकतंत्र की जड़ें पूरी तरह मजबूत नहीं हो पाएंगी।

अनिवार्य मतदान लागू करने के लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। विद्यालयों महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि उनका एक मत कितना महत्वपूर्ण है। जब व्यक्ति यह समझेगा कि उसका मत देश की दिशा तय कर सकता है तब वह स्वेच्छा से मतदान के लिए प्रेरित होगा।

सरकार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदान प्रक्रिया सरल और सुगम हो। मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और ऐसी व्यवस्था की जाए कि किसी भी नागरिक को मतदान करने में कठिनाई न हो। पारदर्शिता और निष्पक्षता भी उतनी ही आवश्यक है क्योंकि जब लोगों का विश्वास चुनाव प्रक्रिया में बना रहेगा तब ही वे अधिक संख्या में भाग लेंगे।

विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक सशक्त विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है और नीतियों में सुधार लाने में मदद करता है। लेकिन जब विपक्ष हर विषय पर केवल विरोध करता है तो उसकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। जनता यह समझने लगती है कि विरोध तर्क पर आधारित नहीं बल्कि राजनीति से प्रेरित है। इसलिए विपक्ष को चाहिए कि वह रचनात्मक भूमिका निभाए और जहां आवश्यक हो वहां समर्थन भी दे।

महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे विषय केवल राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के माध्यम भी हैं। यदि इन पर सहमति बनती है तो यह देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह संदेश कि यह लोकतंत्र की जीत होनी चाहिए वास्तव में सार्थक है क्योंकि लोकतंत्र में सामूहिक निर्णय ही सबसे प्रभावी होते हैं।

अनिवार्य मतदान इस पूरी प्रक्रिया को नई दिशा दे सकता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए और लोकतंत्र केवल कुछ लोगों तक सीमित न रह जाए। इससे सरकारों को भी जनता की वास्तविक इच्छाओं के अनुसार काम करना पड़ेगा क्योंकि हर मत महत्वपूर्ण होगा।

अंततः यह समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है बल्कि यह कर्तव्यों का भी समुच्चय है। यदि नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे तो लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। इसलिए यह समय है कि अनिवार्य मतदान जैसे विचारों पर गंभीरता से विचार किया जाए और जन जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ाया जाए।

विपक्ष को भी यह समझना चाहिए कि बेवजह विरोध करना लोकतंत्र के हित में नहीं है। यदि कोई निर्णय देश और समाज के लिए लाभकारी है तो उसका समर्थन किया जाना चाहिए। स्वस्थ बहस और रचनात्मक आलोचना लोकतंत्र की पहचान है लेकिन केवल विरोध करना उचित नहीं है।

जब हर नागरिक जागरूक होगा और अपने मताधिकार का उपयोग करेगा तब ही भारत का लोकतंत्र वास्तव में सशक्त और जीवंत बन पाएगा। अनिवार्य मतदान और जन जागरूकता इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं।

**( रु103 जलवन्त टाऊनशिप पूणा बॉम्बे मार्केट रोड, नियर नन्दालय हवेली सूरत मो 99749 40424 वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार स्तम्भकार )**

# नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम रुंदन भरा संबोधन



**निर्मल रानी**

*विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुये प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहाँ के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी चुनावी मोड में हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफ़ा जरूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में, चुनाव को प्रभावित करने, विपक्ष को बदनाम करने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरूपयोग करने वाला हो।*

मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी क़तारों के साथ ही हज़ारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुये प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहाँ के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी चुनावी मोड में हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफ़ा ज़रूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में,चुनाव को प्रभावित करने,विपक्ष को बदनाम करने,चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरूपयोग करने वाला हो। परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मज़बूत जो कर ली है ?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफ़ाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ़ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक़्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33% महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131 वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिये लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की ज़रूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिये तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिये उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यत: 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूँकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिये यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी ज़रूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन,संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चैनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे गोदी मीडिया के अधिकांश निजी चैनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फ़ज़ीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज़्यादा इस तथाकथित राष्ट्र संबोधन से हो गयी। 18 अप्रैल को राष्ट्र के नाम सम्बोधन के नाम पर दिये गये इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे ख़ूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाई गयीं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टी वी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफ़ार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आलोचना करने के लिए राष्ट्र को संबोधित करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल किया हो।

इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिसतरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गये। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुन: पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ये दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साज़िश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लायें और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा।

## हादसे दर हादसे

**नरेन्द्र भारती**

*विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में हादसे दर हादसे हो रहे हैं। सड़कों पर मौत का तांडव हो रहा है मानवीय त्रासदी कब रुकेगी प्रतिदिन लाशों के अंबार लग रहे हैं। अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं। अल सुबह घर से खुशी खुशी अपने अपने सफर पर निकले यात्रियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह उनका अंतिम सफर होगा। सोमवार सुबह करीब दस बजे जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिला में एक भीषण हादसा हो गया जब यात्रियों से भरी बस एक पहाड़ी से नीचे गिर गई। इस हादसे में 21 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 61 लोग घायल हो गए। हादसा बहुत ही खौफनाक था कि बस के परखच्चे उड़ गए। सोमवार रात को करसोग के अलसींडी के कंलगार में एक गाडी के खाई में गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। गत सप्ताह कुल्लु के बंजार में भी हादसा हुआ था। घर से सफर पर निकले पर्यटकों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा की यह उनका आख़िरी सफर होगा। सलापरवाही व तेज रफ्तार से पहाडों मे पर्यटक बेमौत मारे जा रहे हैं। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। प्रतिदिन लाशों के अंबर लग रहे हैं। बंजार के सोझा में जलोड़ी के पास एक ट्रेवलर खाई में गिर गई और चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। 18 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गाड़ी में 22 लोग सवार थे। यह पर्यटक दिल्ली से हिमाचल घूमने आये थे। पल भर में लाशों के ढेर लग गए जीते जागते इंसान लाशों में बदल गए। यह बहुत ही त्रासदी है। अक्सर देखा गया है की अन्य राज्यों से घूमने आये लोगो को यहां गाड़ी चलाने में मुश्किल होती है क्यूंकि यहां पहाड़ी इलाका है जरा सी लापरवाही भारी पड़ जाती है। चालक भी अनभिज्ञ होते है। प्रतिवर्ष यहां लाखों सैलानी छुट्टियों में घूमने आते है लेकिन सड़कों का ज्ञान न होने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं और असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं दु र्घटनाओ में परिवार के परिवार खत्म हो जाते हैं अग्नि देने वाला भी नहीं बच पाता है। चंडीगढ़ मनाली राजमार्ग पर प्रतिदिन हादसे हो रहे है ऐसा कोई दिन नहीं होता की हादसा न हो यह क्रम कभी नहीं टूटता है। पर्यटक भी ओवरस्पीड से वाहन चलाते हैं यातायात के नियमों का उल्लंघ्न करते हैं और मौत के मुँह में चले जाते हैं। हर साल हजारों लोग मारे जाते हैं लेकिन सबक नहीं सीखते हैं। पर्यटक नियमित आते रहते हैं पूरा साल लोग मनाली और लाहौल घूमने जाते हैं स नियमों का पालन करे तो ऐसे हादसे रुक सकते हैं लेकिन यह लोग मनमानी करते हैं स होली के समय बाहरी राज्यों के लोग गाड़ियों व दोपहिया वाहनों पर घूमने आते हैं इनमे कोई भी हेलमेट नहीं पहनता हैं और ज़ब दुर्घटना होती हैं तब मारे जाते हैं। पुलिस चालान काटती हैं फिर भी यह लोग लापरवाही से बाज नहीं आते। हर वर्ष लोग धार्मिक यात्राएं करते हैं जीपों व ट्रकों में यात्रा करते हैं और खाईयों में गिरते हैं क्यूंकि यह सब ओवरलोडीग के कारण होता है। ऐसा करने वालों पर शिकजा कसना चाहिए जो जानबूझ कर मीत को दावत देते हैं ऐसे चालकों के लाइसेंस रद्द करने चाहिए। पर्यटको को भी सावधानी से गाड़ी चलानी चाहिए ताकि दुर्घटना न हो। ज्यादातर हादसे तेज रफ्तार से होते हैं कुछ चालक नशा करके गाड़ी चलाते हैं और लोगो को मौत की सौगात देते हैं। पुलिस विभाग को चाहिए की बाहर से आने वाले पर्यटको के लिए यातायात के शिविर लगाने चाहिए ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।*

## खास बात

### महिला आरक्षण पर 4 राज्यों में जीतेगी ? बीजेपी

पिछले कई चुनाव में यह देखने को मिला है। भाजपा पहले नॅारेटिव तैयार करती है। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम भी नेरेटिव के अनुसार ही आते हैं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल मे मतदान के पहले संसद का विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन बिल को महिला आरक्षण बिल कहकर पेश किया। वह बिल संसद में पास नहीं हुआ। बिल पास न होने का ठीकरा विपक्ष के ऊपर भाजपा ने फोड़ दिया है। चुनावी राजनीति का यह हथकंडा है। विपक्ष आरोप लगाता है, चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर काम करता है।चुनाव आयोग के पिछले जो परिणाम आए हैं। वह इस बात की पुष्टि करते हैं, इस बार कम से कम चार राज्यों में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसी को कहते हैं, मियां बीबी राजी तो क्या करेगा काजी।

### संसद में हारी मोदी सरकार

केंद्र में 12 साल से मोदी सरकार है। पहली बार संसद में सरकार हारी है। ऐसा लगता है सरकार को मालूम था,संसद में उसका बिल पास नहीं होगा। इसीलिए तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल का चुनाव जीतने के लिए महिला आरक्षण को मोहरा बनाया गया है। संसद का विशेष सत्र बुलाया गया। महिला के नाम पर नेरेटिव बनाया गया।जबकि महिला आरक्षण से इस बिल का कोई लेना देना नहीं था। इसे कहते हैं, राजनीति, सूत ना कपास,जुलाहों में लठा-लठी।

### राहुल गांधी पर भी सेंसरशिप लागू

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी परिसीमन आयोग पर संसद में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने अपनी बात समझाने के लिए जादू और जादूगर की कहानी सुना रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें रोक दिया। यह संसद है, महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पर बोलें।चौराहे पर नहीं खड़े हैं,जो जादू की चर्चा करेंगे।संसद में सांसदों को बोलने के पहले ही आसंदी से रोक दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष जब बोलने के लिए उनका समय होता है उस समय अध्यक्ष आकर आसंदी पर बैठ जाते हैं। उनके बोलने के साथ ही टोंका टोंकी शुरू हो जाती है। संसद में अब सांसदों के बोलने पर सेंसर शिप है?

### हरवंश, तीसरी बार बने राज्यसभा के उपसभापति

राज्यसभा के उपसभापति के रूप में तीसरी बार हरबंस नारायण सिंह को मौका मिला है। तीसरी बार उन्हें राज्य सभा की टिकट जनता दल से नहीं मिली। उसके बाद भी उनका जलवा इतना था। राष्ट्रपति कोटे से उन्हें राज्यसभा भेजा गया।सरकार की कृपा से वह उप सभापति के पद पर तीसरी बार पहुंचे। पत्रकार से संपादक का सफर तय करने वाले हरबंस नारायण सिंह की किस्मत का कोई सानी नहीं है।बॉस इज ऑलवेज राइट के फार्मूले पर चलते हुए, वह राज्यसभा के उच्च सिंहासन पर तीसरी बार पहुंचे हैं। इसे कहते हैं, भाग्य।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथि, सप्तमी, गुरुवार, पुर्नवसु नक्षत्रे, शुभ योगे, गर करणे, मिथुन की चंद्रमा, सिद्ध योग भद्रा 48/44 गंगा सप्तमी, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी तथा मानी होगा।

**मेष राशि**- यात्रा भय, कष्ट, व्यापार बाधा, लाभ, पारिवारिक समस्या उलझी ही रहेंगी, ध्यान दें।

**वृष राशि**- शत्रुभय, रोग, स्वजन सुख, लाभ, शिक्षा-लेखन कार्य में सफलता, प्रगति के योग बनेंगे।

**मिथुन राशि**- वाहन भय, कष्ट, हानि, अस्थिरता, अशांति का वातावरण रहेगा, ध्यान अवश्य रखें।

**कर्क राशि**- सफलता, उन्नति, शुभ कार्य, विवाद, राजकार्य व मामले मुकदमे में स्थिति कष्टमय रहेगी।

**सिंह राशि**- शरीर कष्ट, अपव्यय, कार्य में सफलता, आर्थिक सुधार आदि के कार्य अवश्य ही होंगे।

**कन्या राशि**- खर्च, विवाद, स्त्री कष्ट, विद्या लाभ, धीरे-धीरे सुधार के साथ अर्थ लाभ होगा।

**तुला राशि**- यात्रा से हानि, राजलाभ, शरीर कष्ट तथा खर्च की यात्रा कष्टदायक होगी।

**वृश्चिक राशि**- कार्यवृत्ति से लाभ, यात्रा, सम्पत्ति लाभ, व्यापार में सुधार, खर्च होते ही रहेंगे।

**धनु राशि**- अल्प लाभ, चोराग्नि भय, मानसिक परेशानी, अपवाद, उलझन का सामना करना पड़ेगा।

**मकर राशि**- शत्रु से हानि, अपव्यय, शरीरिक सुख, कभी-कभी व्यवस्था कुछ तंग पड़ेगा।

**कुंभ राशि**- शत्रु व्यय, संतान सुख, कार्य में सफलता, उत्साह की वृद्धि होगी।

**मीन राशि**- पदोन्नति, राजभय, न्याय लाभ, धन हानि, अधिकारियों से मनमुटाव अवश्य ही होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**23 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.49 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मिथुन | 08.48 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 11.01 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.17 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.29 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.40 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.54 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 22.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.16 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 02.02 बजे से |
| | | मीन | 03.35 बजे से |
| | | मेष | 05.05 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 113 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 20.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 20.58 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 06.08 बजे तदनन्तर धृति 03.33 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 09.46 बजे तदनन्तर वणिज 20.50 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 28'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872688
**जूलियन दिन** 2461153.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 05
**विशेष** गंगा सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

### 8 साल में भी अधूरा विश्राम बाग प्रोजेक्ट

# टॉय ट्रेन और स्विमिंग पूल के लिए जनता का इंतजार जारी

इंदौर ■ निसं

रणजीत हनुमान मंदिर के पास स्थित विश्राम बाग को संवारने का प्रोजेक्ट आठ साल का समय बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को अत्याधुनिक स्विमिंग पूल और बच्चों के लिए टॉय ट्रेन जैसी मनोरंजक सुविधाएं उपलब्ध कराना था। हालांकि इस दौरान तीन बार एजेंसी बदली जा चुकी है और चार बार प्रोजेक्ट की समय सीमा में बदलाव किया जा चुका है लेकिन हर बार कोई न कोई नई बाधा सामने आ जाती है। ताजा अड़चन टॉय ट्रेन के ट्रैक को लेकर पैदा हुई है जिससे काम की गति एक बार फिर थम गई है।

परियोजना के तहत बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाने की योजना है जिसे पीपीपी मॉडल पर संचालित किया जाना था। इसमें ट्रैक और स्टेशन निर्माण की जिम्मेदारी नगर निगम की थी जबकि संचालन निजी कंपनी को करना था। पूर्व में टॉय ट्रेन के ट्रैक की लंबाई 350 मीटर प्रस्तावित की गई थी जिसे अब 150 मीटर और बढ़ाकर कुल 500 मीटर करने का प्रस्ताव उठा है। इस नए विस्तार के लिए दोबारा प्रस्ताव तैयार कर एमआईसी के समक्ष मंजूरी के लिए रखा जाएगा। एमआईसी से स्वीकृति मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी जिसका सीधा अर्थ है कि सुविधाओं के लिए जनता को अभी और लंबा इंतजार करना होगा।

विश्राम बाग कुल 11.50 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है जिसमें से 9.10 एकड़ में बगीचा विकसित है। शेष 2.40 एकड़ हिस्से में नौ करोड़ रुपए की लागत से यह प्रोजेक्ट बन रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल भी तैयार किया जा रहा है। इसमें 50 मीटर लंबा और 25 मीटर



चौड़ा इनडोर स्विमिंग पूल बनाया जाना प्रस्तावित है ताकि यहां बड़े स्तर की तैराकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकें। वर्ष 2018 में शुरू हुए इस कार्य को 2020 तक पूर्ण होना था लेकिन समय सीमा निरंतर बढ़ती रही। दो बार एजेंसी बदलने के बाद 2024 में नई कंपनी को काम सौंपा गया जिसे जून 2025 तक का समय दिया गया था। इसके बाद अवधि को छह-छह महीने के लिए दो बार और बढ़ाया गया जिससे अब नई डेडलाइन जून 2026 तय की गई है लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसमें भी देरी होने की प्रबल संभावना है।

नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक प्रोजेक्ट का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। वर्तमान में निर्माण एजेंसी का करीब डेढ़ करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है जिसके कारण काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है। स्विमिंग पूल का मुख्य ढांचा तो बनकर तैयार है लेकिन वाटर चेंज सिस्टम, मोटर पंप, चेंजिंग रूम और लाइटिंग जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य अभी शेष हैं। इन कार्यों के पूरा हुए बिना पूल को शुरू करना मुमकिन नहीं है। इसके अलावा अलग-अलग हिस्सों के लिए अलग एजेंसियां होने और उनके बीच समन्वय की कमी ने भी प्रोजेक्ट को प्रभावित किया है। निगम द्वारा एजेंसियों पर पेनल्टी लगाए जाने के बावजूद स्थिति में कोई बड़ा सुधार नहीं देखा गया।

विश्राम बाग के बगीचा क्षेत्र में हरियाली जरूर विकसित हुई है जिससे पर्यावरण में सुधार दिख रहा है लेकिन प्रोजेक्ट के मुख्य आकर्षण जैसे स्विमिंग पूल और टॉय ट्रेन की सुविधाएं अधूरी रहने से समूचा प्रोजेक्ट अपूर्ण नजर आता है। हालांकि निगम अधिकारियों का दावा है कि आगामी दो से तीन महीनों में सभी शेष कार्य पूरे कर लिए जाएंगे परंतु पूर्व में किए गए इसी तरह के दावों के कारण स्थानीय लोगों में अब भी संशय बना हुआ है। प्रोजेक्ट को अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर देख रहे हैं। उनका कहना है कि जल्द ही प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा और शहरवासियों को इसमें कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

### इंदौर में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

# PWD के तीन अफसर रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

इंदौर ■ निसं



भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाते हुए लोकायुक्त इंदौर की टीम ने लोक निर्माण विभाग संभाग-1 के तीन बड़े अधिकारियों के विरुद्ध रिश्वतखोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम, अनुविभागीय अधिकारी टी.के. जैन और उपयंत्री अंशु दुबे को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया है।

जानकारी के अनुसार, धार के सागोर अचाना रोड निवासी राजपाल सिंह पंवार, जो पटेल श्री इंटरप्राइजेस के संचालक और शासकीय ठेकेदार हैं, इस मामले के आवेदक हैं। उनकी फर्म ने वर्ष 2023 में पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर मैथवाड़ा-फोरलेन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य करीब 4.73 करोड़ रुपये में लिया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद फर्म ने 4.51 करोड़ रुपये का अंतिम बिल भुगतान के लिए पेश किया था।


आवेदक का आरोप है कि अंतिम बिल के भुगतान के बदले अधिकारियों ने कमीशन के रूप में कुल 3.50 लाख रुपये की मांग की थी। इसमें कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम ने 1.50 लाख रुपये, SDO टी.के. जैन ने 1 लाख रुपये और उपयंत्री अंशु दुबे ने 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय से की, जिसके बाद भ्रष्टाचार के इस खेल को उजागर करने के लिए ट्रैप दल का गठन किया गया।

नियोजित योजना के तहत लोकायुक्त की टीम ने दबिश दी। आरोपी जयदेव गौतम को उनके शासकीय निवास पर आवेदक से 1.50 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा गया। वहीं, आरोपी टी.के. जैन को PWD कार्यालय के पोर्च के नीचे आवेदक के प्रतिनिधि से 1 लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। तीसरे आरोपी अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन आवेदक के पास उस समय पूरी राशि न होने के कारण उसने पैसे लेने से मना कर दिया था, हालांकि साक्ष्यों के आधार पर उन पर भी कार्रवाई की जा रही है।

सभी आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 एवं बीएनएस (BNS) 2023 की धारा 61(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इस सफल कार्रवाई में कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।







# साथ फाउंडेशन की पहल : अनाथ, वृद्ध और गौ सेवा के लिए बढ़ाया सहयोग का हाथ

इंदौर ■ निसं






समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय साथ फाउंडेशन द्वारा मानवीय संवेदनाओं को साकार करते हुए एक सराहनीय पहल की गई। संस्था के सदस्यों ने विभिन्न श्रद्धा आश्रम, अनाथ आश्रम एवं वृद्ध आश्रमों का दौरा कर जरूरतमंदों की मदद की।

इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने आश्रमों में रह रहे बच्चों को फल सामग्री एवं आवश्यक किराना वितरित किया। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, वहीं वृद्धजनों ने भी इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। संस्था का उद्देश्य न केवल सामग्री वितरण तक सीमित रहा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना भी रहा। इसके साथ ही फाउंडेशन द्वारा गौ सेवा को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। सदस्यों ने गौशालाओं में पहुंचकर गायों के लिए चारे की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस कदम से गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साथ फाउंडेशन के सदस्यों ने जनजागरूकता अभियान भी चलाया, जिसमें लोगों को समाज सेवा, जरूरतमंदों की मदद और पशु सेवा के लिए प्रेरित किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे, ताकि समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाई जा सके और सेवा की भावना को और मजबूत बनाया जा सके।

### इंदौर में भाजपा का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर

# डिजिटल रणनीति और संगठन मजबूती पर मंथन



इंदौर ■ निसं

इंदौर में भाजपा की राष्ट्रीय स्तर का एक दिवसीय शिविर बुधवार को सुबह 10 बजे शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र के अलावा अलग-अलग सत्र भी आयोजित किए गए। इन सत्रों में वक्ताओं ने अलग-अलग राज्यों से आए प्रतिनिधियों को बताया कि वे किस तरह तकनीकी रूप से संगठन को मजबूत कर सकते हैं और डिजिटल माध्यमों से चुनावी रणनीति को प्रभावी बना सकते हैं। साथ ही संभाग और जिला स्तर पर होने वाले शिविरों में पदाधिकारियों को किन किन बिंदुओं पर प्रशिक्षण देना चाहिए, इस पर भी चर्चा हुई। इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दादर और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार के पदाधिकारी शामिल हुए। जिन राज्यों में चुनाव हैं, वहां के पदाधिकारियों को बुलाया नहीं गया था। भाजपा ने इस तरह के शिविरों के जरिए आगामी चुनावों की तैयारी को और मजबूत करने पर जोर दिया।

उद्घाटन सत्र में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, गुजरात के संगठन मंत्री रत्नाकर, पूर्व सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे और ओमप्रकाश धनखड़ ने पदाधिकारियों के समक्ष अपने विचार रखे। यह शिविर इंदौर के डेली कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें देश के सात राज्यों से पार्टी के वरिष्ठ नेता और रणनीतिकार शामिल हुए।

शिविर में डेटा मैनेजमेंट, सोशल मीडिया रणनीति और आधुनिक चुनावी तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को गोपनीय और अनुशासित बनाए रखने के लिए कार्यशाला स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने की मनाही थी और वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रखा गया था। शिविर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, गौरव रणदिवे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य नेता भी मौजूद थे।

### मामूली विवाद बना जानलेवा

# कमरे को लेकर झगड़े के बाद युवक ने खाया जहर, मौत

इंदौर ■ निसं

इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के प्रजापति नगर में एक युवक ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार पति और पत्नी



के बीच नए किराए के कमरे को पसंद करने जैसी छोटी सी बात पर शुरू हुई बहस इतनी बढ़ गई कि युवक ने जहरीला पदार्थ घटक लिया। उसे गंभीर अवस्था में एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि 35 वर्षीय नितेश पिता त्रिमत राव पीथमपुर की एक निजी कंपनी में मशीन ऑपरेटर का कार्य करता था। पहले नितेश जिस कंपनी में कार्यरत था उसकी यूनिट द्वारकापुरी क्षेत्र में ही स्थित थी लेकिन हाल ही में वह यूनिट पीथमपुर स्थानांतरित हो गई थी। कार्यस्थल से दूरी कम करने के लिए नितेश नया मकान तलाश रहा था। मंगलवार को इसी बात पर विवाद हुआ क्योंकि नितेश ने एक कमरा पसंद किया था जबकि उसकी पत्नी नंदनी किसी अन्य स्थान पर कमरा लेना चाहती थी। विवाद के बाद नितेश ने घर में ही जहर खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर पत्नी नंदनी और रिश्तेदार अंकित उसे आनन-फानन में एमवाय अस्पताल लेकर भागे।

# करोड़ों के बस टर्मिनल बेकार

### अब 20 साल के ठेके पर सौंपने की तैयारी

इंदौर ■ निसं



प्राधिकरण ने दो बस टर्मिनल तो बना दिए, मगर उनके संचालन-संधारण की व्यवस्था नहीं की। हालांकि एक बस टर्मिनल एआईसीटीएसएल को सौंपा था, जिसने कुछ ही दिन संचालन कर बंद कर दिया और अब आरटीओ ऑफिस के पास स्थित नायता मुंडला के 40 करोड़ रुपए की लागत से बने इस बस टर्मिनल को 20 साल के ठेके पर दे दिया है। दूसरी तरफ एमआर-10 कुमेड़ी में 110 करोड़ रुपए की लागत से बने आईएसबीटी के लिए भी आखिरकार पुणे की एक फर्म पात्र पाई गई है और संभवतः इसी फर्म को बोर्ड द्वारा 20 साल की अवधि के लिए संचालन-संधारण का ठेका सौंपने का फैसला लिया जा सकता है।

प्राधिकरण ने एमआर-10 पर एयरपोर्ट की तर्ज पर विशाल बस टर्मिनल निर्मित करवा दिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इसका अवलोकन कर पसंद भी किया। मगर बीते 8 माह से यह बस टर्मिनल संचालन के अभाव में बंद पड़ा है। तीन बार पहले प्राधिकरण ने टेंडर बुलाए, मगर एक भी योग्य फर्म नहीं मिली। अब प्राधिकरण का कहना है कि पुणे का ग्रुप बीवीजी का टेंडर पात्र पाया गया है। उक्त ग्रुप 4.95 करोड़ रुपए की प्रीमियम राशि देने के अलावा 1 फीसदी की दर से रेंट यानि किराया भी चुकाएगा। चेन्नई और पुणे आईएसबीटी चलाने का इस ग्रुप के पास अच्छा अनुभव बताया जा रहा है।

# जूस सेंटर पर मारपीट, पुलिस ने छह आरोपियों को दबोचा

इंदौर ■ निसं

इंदौर में एक जूस सेंटर पर हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह मामला द्वारकापुरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां 18 अप्रैल को एक जूस सेंटर पर पेमेंट को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ युवकों ने दुकानदार के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना का वीडियो मौके पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हरकत में आई और आरोपियों की पहचान शुरू की गई। जिसमें जांच के बाद द्वारकापुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल करीब आधा दर्जन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### इंदौर में फर्जी डॉक्टरों का बड़ा खुलासा

# जनसुनवाई में 32 पर गंभीर आरोप, जांच के आदेश

इंदौर ■ निसं

शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया, जब जनसुनवाई में 32 डॉक्टरों के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई। आरोप है कि ये डॉक्टर कथित तौर पर बिना वैध लाइसेंस और संदिग्ध पाकिस्तानी डिग्रियों के आधार पर शहर के अलग-अलग क्लिनिकों और अस्पतालों में इलाज कर रहे हैं। शिकायत सामने आते ही कलेक्टर ने मामले की गंभीरता देखते हुए जांच अपर कलेक्टर को सौंप दी।

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में एक आवेदक द्वारा शहर में धड़ल्ले से चल रहे फर्जी डॉक्टर के रैकेट पर सर्जिकल स्ट्राइक चलाने की मांग की। लिखित में शिकायत देते हुए आवेदक ने कहा कि डॉ. पंजवानी व



डॉक्टर बागेचा द्वारा एक महिला का गलत इलाज करने से मौत और उक्त प्रकरण के उच्च न्यायालय के संज्ञान में आने के बाद एफआईआर दर्ज होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं खुल रही है।

उक्त जांच में डॉक्टरों की डिग्रियां तक फर्जी निकलने के बाद कोई जांच अभियान नहीं चलाया जा रहा है, जबकि इंदौर में 32 पाकिस्तानी डॉक्टर शहर में विभिन्न स्थानों पर क्लिनिक व हॉस्पिटलों में कार्य कर रहे हैं। शिकायतकर्ता अधिवक्ता चर्चित शास्त्री का आरोप है कि शहर में वर्षों से फर्जी डिग्रियों के सहारे इलाज का खेल चल रहा है और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। सीएमएचओ माधव हसानी पर आवेदक ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

**सूचना के अधिकारों का उल्लंघन:** शिकायतकर्ता ने बताया कि 3 फरवरी को सूचना के अधिकार के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से इन डॉक्टरों के लाइसेंस, पंजीयन और डिग्रियों की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद 9 मार्च को अपील की गई। क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक ने 24 मार्च को सात दिन में दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश दिए, फिर भी कोई रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया।

आवेदक ने सवाल उठाए कि अगर ये डॉक्टर वैध हैं तो दस्तावेज सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? और यदि अवैध हैं तो इतने वर्षों से मरीजों की जान से खिलवाड़ कैसे होता आ रहा है। कलेक्टर ने तत्काल एडीएम नवजीवन पंवार को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने सभी फर्जी डॉक्टरों के नाम की सूची भी उपलब्ध कराई और कहा कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यदि बिना लाइसेंस या संदिग्ध डिग्रीधारी लोग इलाज कर रहे हैं तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि आम जनता की जिंदगी से सीधा खिलवाड़ है।




आपके द्वारा इस गर्मियों में पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई हो और सकोरे भी लगाए गए है जिसमें में प्रति दिन स्वच्छ पानी व दाने को रखता है जिससे पंछी आकर ग्रहण करते है। आप भी फोटो भेजकर इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं।

प्रवीण साहू, 8815555243

संक्षिप्त समाचार

## शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र: सोबो जायंट्स बना फर्स्ट चैंपियन

**पुणे।** महाराष्ट्र में पहली बार आयोजित शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जिसमें सोबो जायंट्स ने खिताब अपने नाम किया। इस लीग ने राज्य में शूटिंग खेल की गहराई और प्रतिभा को एक बार फिर साबित किया। यह लीग भविष्य में होने वाली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य खेल के लिए एक मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक ढांचा तैयार करना है। मिक्स्ड टीम फाइनल में सोबो जायंट्स ने पालघर गोल्डन फिंगर को 17-7 से हराकर खिताब जीता। वहीं, तीसरे स्थान के मुकाबले में आम्ही पुणेकर ने सांगली अल्फा लायंस को 16-14 से हराया। पूर्व विश्व नंबर-1 और ओलंपियन अंजलि भागवत ने कहा कि इस तरह का प्रारूप खिलाड़ियों को दबाव में खेलने का अनुभव देता है, जो भविष्य में बड़े मंचों पर मददगार होगा। पूर्व ओलंपियन दीपाली देशपांडे ने इसे महाराष्ट्र राइफल संघ के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और अगले वर्ष और बेहतर आयोजन का भरोसा जताया। भारतीय टीम के कोच और दिग्गज शूटर रोनक पंडित ने कहा कि ऐसी लीग शूटिंग को आम लोगों के करीब लाने में मदद करती हैं और खेल को अधिक आकर्षक बनाती हैं। यह लीग देश की दूसरी राज्य स्तरीय शूटिंग लीग है, इससे पहले कर्नाटक में भी सफल आयोजन हो चुका है।

## चमारी अटापट्टू के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने बांग्लादेश को चार विकेट से हराया

**राजशाही।** श्रीलंका ने कप्तान चमारी अटापट्टू के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर बुधवार को दूसरे वनडे मुकाबले में बांग्लादेश को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। मलक़ी मदारा ने पावरप्ले में दो झटके देकर दबाव बनाया। निगार सुल्ताना (58) और शारमिन सुल्ताना ने 45 रन की साझेदारी कर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाज़ों ने वापसी करते हुए टीम को 45.5 ओवर में 165 रन पर समेट दिया। श्रीलंका की ओर से अटापट्टू ने 3 विकेट लिए, जबकि इनोका रणवीरा, निमाशा मीपागे और मदारा ने भी अहम योगदान दिया। जवाब में श्रीलंका ने संयमित बल्लेबाजी की। कप्तान अटापट्टू ने 40 रन बनाकर मजबूत शुरुआत दी, जिसके बाद हर्षिता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणारत्ने (40) ने 77 रन की साझेदारी कर जीत की राह आसान कर दी। टीम ने 38.2 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। नाहिदा अख्तर ने 4 विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सकीं।

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026

# स्वर्ण जीतने के बाद अरुंधति और प्रीति टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल

**भारत की मुक्केबाज़ प्रीति पवार, प्रिया, अरुंधति चौधरी और सचिन को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के कोर ग्रुप में शामिल किया**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

हाल ही में आयोजित एशियाई मुक्केबाज़ी एलीट चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत की चार मुक्केबाज़ प्रीति पवार, प्रिया, अरुंधति चौधरी और सचिन को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। यह फैसला बुधवार को हुई मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 172वीं बैठक में लिया गया।

उलानबटार (मंगोलिया) में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रीति (54 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और अरुंधति (70 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि सचिन (60 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किया।



एमओसी ने खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन, विश्व रैंकिंग और निरंतर प्रगति के आधार पर यह निर्णय लिया।

प्रीति पवार इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 और एशियाई खेल 2026 दोनों में हिस्सा लेंगी। उनके साथ जैस्मिन (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति (70 किग्रा) और सचिन (60 किग्रा) भी इन बड़े आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों ने मुक्केबाज़ी महासंघ की चयन नीति के तहत सीधे क्वालीफाई किया है।

मिशन ओलंपिक सेल ने तीन अन्य मुक्केबाज़-आदित्य (65 किग्रा), दीपक (70 किग्रा) और हर्ष (90 किग्रा)-को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है। इसके अलावा, 31 वर्षीय नरेंद्र (+90 किग्रा) को टारगेट एशियाई खेल समूह (टीएजीजी) में रखा गया है, जहां उन्हें 2026 एशियाई खेलों तक विशेष सहायता मिलेगी।

उलानबटार में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने कुल 16 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य) जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। हर्ष और नरेंद्र ने कांस्य पदक जीते, जबकि आदित्य और दीपक क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे।

टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप युवा और उभरते खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जो उन्हें संरचित प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और निरंतर निगरानी प्रदान करता है। वर्तमान में टॉप्स कोर ग्रुप में 7 मुक्केबाज़, डेवलपमेंट ग्रुप में 25 और टीएजीजी में 1 खिलाड़ी शामिल हैं।

आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों को देखते हुए भारतीय मुक्केबाज़ी टीम की तैयारियां तेज हो गई हैं और इन बदलावों से पदक उम्मीदों को और मजबूती मिली है।

# कोपा इटालिया: इंटर मिलान ने दो गोल से पिछड़कर कोमो को 3-2 से हराया, फाइनल में जगह बनाई

**मिलान ■ एजेंसी**



इटली की प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता कोपा इटालिया में इंटर मिलान ने शानदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में कोमो को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

पहला चरण गोलरहित रहने के बाद खेले गए इस मुकाबले में इंटर ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज कर खिताब की दौड़ में खुद को मजबूत बनाए रखा है।

कोमो के लिए मार्टिन बाटुरीना और कप्तान लुकास दा कुन्हा ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

इसके बाद इंटर मिलान की ओर से हाकान चाल्हानोग्लू ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल किए। उन्होंने पहले जोरदार लंबी दूरी का शॉट लगाकर टीम की वापसी कराई और फिर 86वें मिनट में हेडर के जरिए बराबरी दिलाई।

मैच के 89वें मिनट में पेटार सुचिच ने चाल्हानोग्लू के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए विजयी गोल दागा।

इंटर मिलान अब फाइनल में पहुंच गया है, जो 13 मई को खेला जाएगा। दूसरी सेमीफाइनल में अटलांटा और लाजियो के बीच मुकाबला होना है, जहां पहला चरण 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ था।

इंटर मिलान इस समय इटली की शीर्ष लीग सीरी ए में भी शीर्ष पर चल रहा है और इस सप्ताहांत खिताब अपने नाम कर सकता है।

गौरतलब है कि इंटर ने आखिरी बार 2010 में कोच जोसे मोरिन्हो के नेतृत्व में लीग, कप और चैंपियंस लीग जीतकर ट्रेबल हासिल किया था।

इंटर मिलान ने इससे पहले 2023 में अपना आखिरी कोपा इटालिया खिताब जीता था और अब टीम एक बार फिर इतिहास दोहराने के करीब पहुंच गई है।

# सैफ महिला चैंपियनशिप में मेजबान भारत ग्रुप बी में बांग्लादेश और मालदीव के साथ



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सैफ महिला चैंपियनशिप के आधिकारिक ड्रॉ में मेज़बान भारत को ग्रुप बी में बांग्लादेश और मालदीव के साथ रखा गया है। ड्रॉ का आयोजन बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित सैफ सचिवालय में किया गया।

यह टूर्नामेंट 25 मई से 6 जून तक गोवा के मडगांव में आयोजित होगा और सभी मुकाबले पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे।

ग्रुप ए में नेपाल, श्रीलंका और भूटान को रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में भारत, बांग्लादेश और मालदीव शामिल हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

टूर्नामेंट की सीडिंग 21 अप्रैल को जारी फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर की गई, जिसमें भारत (69) और नेपाल (87) को शीर्ष वरीयता दी गई। बांग्लादेश (112) और श्रीलंका (162) को दूसरे पॉट में रखा गया, जबकि भूटान (164) और मालदीव (167) तीसरे पॉट में शामिल रहे।

भारत इस प्रतियोगिता का सबसे सफल देश है, जिसने 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में कुल पांच बार खिताब जीता है। हालांकि, पिछले दो संस्करणों में बांग्लादेश ने खिताब जीतकर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है।

यह दूसरा अवसर होगा जब भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2016 में सिलीगुड़ी में आयोजित संस्करण में भारतीय टीम चैंपियन बनी थी। गोवा भी दूसरी बार किसी सैफ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 1999 में पुरुष सैफ चैंपियनशिप का आयोजन यहीं हुआ था, जिसमें भारत ने बांग्लादेश को हराकर खिताब जीता था।

संतुलित ग्रुप और प्रतिस्पर्धी टीमों की मौजूदगी को देखते हुए इस बार का टूर्नामेंट बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां मेज़बान भारत एक बार फिर खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगा।

### फीफा महिला विकास कार्यक्रम के लिए चुने गए 12 देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** भारत को बुधवार को विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने महिला विकास कार्यक्रम (कमर्शियल स्ट्रेटेजी 2026) के लिए चुने गए 12 देशों में शामिल किया गया है। अन्य देशों में जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्कॉटलैंड, कनाडा, मेक्सिको, फिनलैंड, घाना, जॉर्डन, लिथुआनिया और पराग्वे शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के प्रारंभिक आवेदन और उसके बाद व्यावसायिक रणनीति तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति के पश्चात फीफा ने भारत को इस कार्यक्रम में शामिल करने की पुष्टि की।

व्यापार

संक्षिप्त समाचार

## मोटोरोला ने लॉन्च किया Motorola edge 70 pro




**नई दिल्ली।** बेहतरीन कैमरा सिस्टम : motorola edge 70 pro स्मार्टफोन फोटोग्राफी में एक नया बेंचमार्क सेट करता है। इसमें ट्रिपल 50MP प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व ओआईएस के साथ 50MP सोनी LYTIA™ 710 सेंसर और motoAI करते हैं, जो रात की बेहतरीन फोटोग्राफी सुनिश्चित करते हैं। इसमें 50MP अल्ट्रावाइड + मैक्रो और ऑटो-फोकस वाला 50MP क्वाड पिक्सेल सेल्फी कैमरा है। साथ ही, यह पैंटोनइ वैलिडेटेड कलर्स, स्किनटोनइ सटीकता और सभी कैमरों से किसी भी रोशनी में 4K 60FPS वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है। मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8500 एक्सट्रीम द्वारा संचालित, यह फोन ऑन-डिवाइस एआई और बेहतर लो-लाइट इमेजिंग के साथ फ्लैगशिप-ग्रेड परफॉरमेंस देता है। इसमें 12GB तक LPDDR5X RAM और 256GB UFS 4.1 स्टोरेज के साथ एक उन्नत वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम है, जो अल्ट्रा-फास्ट मल्टीटास्किंग और स्मूथ गेमिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। motorola edge 70 pro में 'कलेक्शंस बाय मोटोरोला' को पेश किया गया है, जिसमें सैटिन-लक्स, टेलर्ड फैब्रिक और मार्बल फिनिश के साथ एक नया प्रीमियम डिज़ाइन दिया गया है। ये पैंटोनइ द्वारा क्यूरेट किए गए रंगों के साथ एक बोल्ड स्टाइल स्टेटमेंट पेश करते हैं।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका से और महंगा हुआ कच्चा तेल, बेंट क्रूड ने पार किया 100 डॉलर का स्तर

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी जारी रखने का ऐलान करने की वजह से आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मूड बिगड़ गया। डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के बाद ईरानी पक्ष ने नाकाबंदी जारी रहने की स्थिति में शांतिवार्ता में शामिल नहीं होने की बाद कह कर कच्चे तेल का भाव और बढ़ा दिया। पश्चिम एशिया में जारी इस तनाव के कारण आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गई। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी 91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर लिया। हालांकि बाद में कच्चे तेल की कीमत में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई।

आज ब्रेंट क्रूड ने तेजी दिखाते हुए 100 डॉलर के करीब 99.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही यह उछल कर 100.32 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय समय के अनुसार शाम छह बजे तक का कारोबार होने के बाद ब्रेंट क्रूड 99.78 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड में आज 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर



90.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही यह उछल कर 91.41 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसके भाव में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। भारतीय समय के अनुसार शाम छह बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 90.68 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

जानकारों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर का एलान जरूर किया, लेकिन होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी जारी रखने की बात कह कर पूरे माहौल को खराब कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान का मतलब यही है कि सीजफायर के बावजूद इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते से मालवाहक जहाजों और ऑयल टैंकर्स का आना-जाना संभव नहीं हो सकेगा। ऐसी स्थिति में दुनिया भर में कच्चे तेल की सप्लाई में परेशानी जारी रहेगी।

दूसरी ओर ट्रंप के ऐलान के बाद ईरानी पक्ष भड़क गया और उसने नाकाबंदी जारी रहने की स्थिति में किसी भी तरह की बातचीत करने से इनकार कर दिया। इससे पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद को करारा झटका लगा। इसके साथ ही खाड़ी देशों से होने वाली कच्चे तेल की सप्लाई के लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका भी बन गई। इस वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल ने एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर लिया।

कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ राजीव दत्ता क्या कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की शांति वार्ता भी अधर में लटक गई है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति की शांति वार्ता के लिए होने वाली पाकिस्तान यात्रा भी टल गई है। ऐसी स्थिति में पश्चिम एशिया में शीघ्र शांति होने की उम्मीद पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है।

पश्चिम एशिया में तनाव जारी रहने की वजह से कच्चे तेल की सप्लाई लगातार प्रभावित हो सकती है। इस वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उबाल आता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी जारी रखने की बात के जवाब में जिस तरह से ईरान ने शांति वार्ता से हटने की बात कही, उससे पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद को झटका लगा है। खासकर, आज जिस तरह से ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की एक गनबोट ने ओमान के पास एक कंटेनर शिप पर अंधाधुंध फायरिंग की, उससे तनाव घटने की जगह और बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अनिश्चितकालीन सीजफायर के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। जानकारों का कहना है कि इस फायरिंग के बाद कभी भी दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर बड़ा हमला किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ, तो कच्चे तेल की सप्लाई पर निगेटिव असर पड़ना तय है, जिसके कारण कच्चे तेल की कीमत में एक बार फिर उछाल आ सकता है।

## निहिलेंट ने भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी पहलों के जरिए अपने सीएसआर प्रयासों को और मजबूत किया

**कंपनी ने वंचित समुदायों के लिए डिजिटल शिक्षा, समावेशी पढ़ाई और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं पर खास ध्यान दिया है**



**नई दिल्ली।** निहिलेंट एक वैश्विक कंसल्टिंग और टेक्नोलॉजी सर्विस कंपनी है, जो भारत में अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) कार्यों को मजबूत कर रही है। कंपनी वंचित और कम सुविधा वाले समुदायों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सभी के लिए समान अवसर देने पर काम कर रही है। अपने मानव-केंद्रित विकास के दृष्टिकोण के तहत, निहिलेंट टेक्नोलॉजी, बुनियादी ढांचे और साझेदारी की मदद से समाज में मौजूद कमियों को दूर करने का प्रयास कर रही है। शिक्षा क्षेत्र में, निहिलेंट ने पुणे स्थित भटक्या विमुक्त जाती शिक्षण संस्था (बीवीजेएसएस) के आवासीय स्कूल में डिजिटल शिक्षा को बेहतर बनाने का काम किया है। इसके तहत कंपनी ने इंटरनेट सुविधा के साथ एक पूरी तरह से सुसज्जित कंप्यूटर लैब स्थापित की है और एक डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम भी शुरू किया है। इस पहल से घुमंतू और आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों के बच्चों को डिजिटल कौशल सीखने में मदद मिल रही है, जिससे वे तकनीक आधारित भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। निहिलेंट ने बीवीजेएसएस कैंपस में रहने की सुविधाओं को भी बेहतर बनाया है। इसके लिए आधुनिक स्वच्छता सुविधाएं बनाई गई हैं और पोषण तथा चिकित्सा सामग्री जैसी जरूरी चीजों में भी मदद दी गई है। इन प्रयासों से स्वच्छता में सुधार हुआ हैं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कम हुए हैं और आवासीय छात्रों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। इन पहलों पर टिप्पणी करते हुए निहिलेंट लिमिटेड के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एल.सी. सिंह ने कहा, 'निहिलेंट में सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारा दृष्टिकोण मानव-केंद्रित विकास के हमारे विश्वास पर आधारित है। हम टेक्नोलॉजी को सिर्फ व्यवसाय का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, अवसर और समावेशन को बढ़ाने का एक मजबूत माध्यम मानते हैं।

# उद्यमिता को बढ़ावा: मेघालय में 'प्राइम इग्नाइट 2026

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

एक मजबूत और आत्मनिर्भर उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए, प्राइम (प्रमोशन एंड इन्क्यूबेशन ऑफ मार्केट-ड्रिवन एंटरप्राइजेज) मेघालय ने 'प्राइम इग्नाइट 2026' का आयोजन किया। लोक भवन, शिलांग के दरबार हॉल में हुए इस कार्यक्रम में राज्य के उद्यमी और अधिकारी एक साथ आए। यहां उनकी रचनात्मक सोच को सामने लाया गया और उद्यमियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी सुविधाओं की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण 'प्राइम वार्षिक पुस्तिका' का विमोचन रहा। इसके साथ ही इसमें योगदान देने वालों और संपादकीय टीम को



सम्मानित किया गया। इस पुस्तिका में पिछले एक साल में प्राइम के तहत हुए काम, साझेदारियां और उसके प्रभाव को सरल तरीके से बताया गया है।

इस मौके पर राज्य की आर्थिक बढ़ोतरी में युवाओं की भूमिका को भी सराहा गया। 'प्राइम छात्र एम्बेसडर प्रतियोगिता' के विजेताओं को चेक और प्रमाणपत्र दिए गए। इससे यह संदेश दिया गया कि जमीनी स्तर से ही उद्यमिता की सोच को बढ़ावा देना जरूरी है। इस प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की टीम को पहला स्थान मिला, जबकि जैंतिया ईस्टर्न कॉलेज के छात्रों ने प्रथम और द्वितीय उपविजेता स्थान हासिल किया।


सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. माज़ेल अम्पारेन लिंगदोह, सलाहकार, मेघालय सरकार (योजना, निवेश प्रोत्साहन और सतत विकास) ने कहा कि राज्य उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम नवाचार को किस्मत नहीं मानते। 'इग्नाइट' का मतलब है कि विचार लोगों से आते हैं, सरकार उनका साथ देती है और यह सुनिश्चित करती है कि शुरुआत से लेकर बाजार तक उन्हें पूरा समर्थन मिले।

' उन्होंने बताया कि सीएम एलीवेट के तहत 2,847 उद्यमियों को जोड़ा गया है, 885 से ज्यादा इकाइयों को वित्तीय सहायता दी गई है और 1,350 प्राइम स्टार्टअप्स का पंजीकरण हुआ है। इसके अलावा, बिज़नेस फैसिलिटेशन सर्विसेज के जरिए 459 युवा उद्यमियों को सीधे मदद दी गई है, ताकि उन्हें बाजार से जुड़ने, मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता मिल सके और वे अपने विचारों को बड़े व्यवसाय में बदल सकें।

# भोपाल की बेटी लक्ष्मी छिब्बर ने अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस न्यूज़ीलैंड में शोधपत्र प्रस्तुत किया

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

भोपाल के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल कृष्ण छिब्बर की बेटी लक्ष्मी छिब्बर, जो बिट्स पिलानी, राजस्थान में PhD स्कॉलर है, ने वेलिंगटन, न्यूजीलैंड स्थित विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ऑफ वेलिंगटन में आयोजित 40वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस्ड इन्फॉर्मेशन नेटवर्किंग एंड एप्लिकेशन (AINA) 2026 में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। विषय था - "CNN-Based Biometric Authentication from Image-Transformed PPG Signals for IoT Environments"।





इससे पहले लक्ष्मी ने AINA 2024 कॉन्फ्रेंस में भी पेपर प्रस्तुत किया था, जो जापान के किताक्यूशू कन्वेंशन सेंटर, किताक्यूशू में आयोजित हुई थी।

इस साल फरवरी में, उसने बिट्स पिलानी, राजस्थान में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार ऑन डिजिटल ड्रीमस्केप्स: यूथ, AI & वर्चुअल एक्सप्रेशन (ISDD-2026) में भी अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान को मदद भेजने के अमेरिकी आरोपों को चीन ने नकारा, जहाज को बताया विदेशी

**बीजिंग।** चीन ने ईरान को कथित रूप से मदद भेजने के अमेरिकी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। चीन का कहना है कि ओमान की खाड़ी में पकड़ा गया जहाज उसका नहीं है, बल्कि एक विदेशी कंटेनर पोत है, जिसका चीन से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। यह विवाद तब सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उक्त जहाज के जरिए चीन ने ईरान को 'उपहार' के रूप में सहायता भेजी थी। इसके बाद अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना प्रांत की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने भी आरोप लगाया कि यह जहाज चीन से ईरान की ओर जा रहा था और इसमें मिसाइल निर्माण से जुड़े रसायन हो सकते हैं। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन इस तरह के 'बेबुनियाद आरोपों और अटकलों' का कड़ा विरोध करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करता है और किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं है। इस घटनाक्रम ने पहले से ही तनावपूर्ण अंतरराष्ट्रीय माहौल में नई बहस को जन्म दिया है। ओमान की खाड़ी का क्षेत्र हाल के दिनों में सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से काफी संवेदनशील बना हुआ है, जहां किसी भी तरह की गतिविधि पर वैश्विक शक्तियों की नजर बनी रहती है।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद भाजपा ने ममता बनर्जी का मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोयला घोटाले की जांच करने गए अधिकारियों को रोकने के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद उनका इस्तीफा मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि पश्चिम बंगाल में जंगलराज और अराजकता का बोलबाला है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल है। न्यायालय की टिप्पणी के बाद ममता को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार से न्यायिक अधिकारियों को बंधक बना कर उन्हें काम करने से रोका इस पर कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि राज्य में इस तरह की अराजक व्यवस्था को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है लेकिन ममता मस्त हैं। ममता ने जनता को ठगा है। राज्य की जनता त्रस्त है। जनता सोच नहीं सकती थी कि उनकी मुख्यमंत्री रक्षक से भक्षक बन गई है। उन्होंने कहा कि कल पश्चिम बंगाल में चुनाव है। राज्य की जनता इस बार बदलाव के लिए वोट करेगी ।ॉ उन्होंने कहा कि राज्य में संदेशखाली में जिस तरह से महिलाओं का उत्पीड़न होता रहा है, ममता ने कुछ नहीं किया। राज्य में महिलाएं असुरक्षित हैं।

### डेमोक्रेट शीला चेरफिलस-मैककार्मिक का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान युद्ध से मची उथल-पुथल के बीच डेमोक्रेट शीला चेरफिलस-मैककार्मिक ने कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा से इस्तीफा दे दिया। उनका त्यागपत्र एक जांच के बाद आया है। इसमें पाया गया कि उन्होंने 20 से अधिक नैतिक नियमों का उल्लंघन किया। इसमें चुनाव प्रचार के लिए धन जुटाने से जुड़े कानूनों को तोड़ना भी शामिल है। चेरफिलस-मैककार्मिक पर बड़ा आरोप है कि उन्होंने गैरकानूनी तरीके से अमेरिका की आपदा राहत राशि को अपने चुनाव प्रचार में खर्च किया। साथ ही इस धन से महंगी चीजें खरीदीं। इसमें 109,000 डालर की तीन कैरेट की पीली हीरे की अंगूठी भी शामिल है। अमेरिकी आनलाइन न्यूज प्लेटफार्म एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, वह एक सप्ताह के भीतर इस्तीफा देने वाली कांग्रेस की तीसरी ऐसी सदस्य बन गई हैं, जिन्होंने गलत आचरण के आरोपों और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से निकालने के लिए होने वाले मतदान के पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया है और खुद को बेदाग साबित करने का वादा किया है।

### सिरसा में मिला 'पीआईए' लिखा पाकिस्तानी गुब्बारा, पुलिस ने कब्जे में लिया

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिले के नाथूसरी चोपटा क्षेत्र में बुधवार को 'पीआईए' के लोगो वाले एक संदिग्ध विमान के आकार के एक गुब्बारा मिलने से इलाके में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह गुब्बारा गांव खेड़ी की ढाणी के खेतों में मिला। किसान जयबीर शर्मा ने बताया कि सुबह वह खेतों की तरफ गया तो उसे एक गुब्बारा दिखा जिस पर पीआईए लिखा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गुब्बारे की जांच की और उसे अपने कब्जे में ले लिया है।

## राजनाथ सिंह ने जर्मन उद्योग को 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत मिलकर काम करने का दिया न्यौता

नई दिल्ली ■ एजेंसी

**भारत और जर्मनी के बीच लंबे समय तक चलने वाले सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों पर जोर**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मन उद्योग को उभरते सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर भारत के तहत मिलकर काम करने का न्योता दिया। रक्षा मंत्री ने बर्लिन में हम्बोल्ट यूनिवर्सिटी के परिसर में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की और भारत और जर्मनी के बीच लंबे समय तक चलने वाले सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति को देखते हुए भारत की रणनीति वैश्विक संकटों का जवाब देने की उसकी क्षमता को दिखाती है।

रक्षा मंत्री ने बर्लिन में जर्मन सांसदों से कहा कि आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक खरीद प्रोग्राम नहीं है, बल्कि यह मिलकर विकास करने का न्योता है। उन्होंने भारत और जर्मनी के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के बीच बेहतर सहयोग की जोरदार वकालत की। यूरोपियन देश के अपने तीन दिन के दौरे के पहले दिन रक्षा और सुरक्षा पर जर्मन संसद की स्टैंडिंग कमेटी को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है। तकनीक में बदलाव ने स्थिति को बहुत मुश्किल और आपस में जुड़ा हुआ बना दिया है। उन्होंने कहा कि बदलते माहौल के हिसाब से ढलने की इच्छा के साथ एक नया तरीका खोजना आज की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम जर्मनी के उद्योगों की पहले से बनी ताकत को पहचानते हैं। साथ ही भारत में भी हमारे स्टार्ट-अप और आगे बढ़ने वाली प्राइवेट कंपनियां तेजी से हमारी बड़ी और पहले से बनी डिफेंस कंपनियों की काबिलियत को बढ़ा रही हैं और उन्हें पूरा कर रही हैं।

यह एक ऐसा एरिया है, जहां भारत और जर्मनी एक-दूसरे के पूरक हैं और हमारी साझेदारी और मजबूत हो सकती है। आज के जमाने की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए राजनाथ सिंह ने मिलकर जवाब देने और भरोसेमंद रणनीतिक साझेदारी की जरूरत पर जोर दिया।

**अस्थिरता को अब क्षेत्रीय मामलों के तौर पर नहीं देखा जा सकता**

राजनाथ ने दोहराया कि भारत और जर्मनी न सिर्फ रणनीतिक साझेदार हैं, बल्कि आज के समय में वैश्विक बातचीत को आकार देने में अहम आवाज भी हैं। जब इस युग के इतिहास को लिखा जाएगा, तो भारत-जर्मनी साझेदारी कूटनीति की एक मिसाल के तौर पर खड़ी होगी, जो संकट के जवाब में नहीं, बल्कि दो परिपक्व लोकतंत्रों के इस रास्ते पर एक साथ चलने के पक्के इरादे से बनी होगी। राजनाथ सिंह ने बताया कि मौजूदा भू-राजनैतिक अस्थिरता को अब क्षेत्रीय मामलों के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

### डरा देगा आईआरएस की बेटी के किलर का खुलासा

## बेहोशी में किया रेप, फिंगरप्रिंट वाले लॉकर के लिए कमरे में घसीटा

नई दिल्ली ■ एजेंसी




साउथ ईस्ट दिल्ली की अमर कालोनी में सीनियर अफसर की बेटी की हत्या करने वाले आरोपी राहुल मीणा को पुलिस ने 22 अप्रैल को दर्शन द्वारका से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी से देर रात पुलिस ने पूछताछ की और जो खुलासा राहुल ने किया, उसे सुनकर दिल्ली पुलिस के अफसर न सिर्फ चौंके बल्कि उनमें गुस्सा भी भर गया।

आरोपी राहुल को मालूम था कि लड़की के माता और पिता सुबह जिम जाते हैं. राहुल बिल्डिंग से पूरी तरह वाकिफ था कि कहां कहां लॉक है और उस लॉक को कैसे खोलना है. सुबह राहुल बिल्डिंग में घुसा और सीधा लड़की के स्टडी रुम में गया था. ये स्टडी रुम घर के रूफ पर अलग से बना हुआ है.

लड़की की तैयारी कर रही थी, बताया गया कि उसे माता- पिता ने सुबह पढ़ाई करने को कहा था. ऐसे में आरोपी सीधा उसी स्टडी रुम में गया . लड़की का गला दबाया और उसको काबू में करने की कोशिश की. लड़की ने विरोध किया तो उसने पास में रखे लैंप और भारी चीज से लड़की पर हमला किया. इससे लड़की के सिर से खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गई. बेहोशी की हालत में उसने लड़की के साथ रेप किया और मोबाइल चार्जर के केबिल से उसका गला घोंट दिया.

अब आरोपी राहुल को घर में लूटपाट करनी थी लेकिन घर का लॉकर भी थंब इंप्रेशन से ही खुलता था . लिहाजा आरोपी ने रेप लड़की को स्टडी रुम से घसीटा और सीढ़ियों से खींचते हुए नीचे रूम में लेकर आया. खून से लथपथ लड़की का फिंगर लॉकर से टच किया लेकिन लॉकर नहीं खुला. दरअसल, हमले से लड़की का ब्लड सर्कुलेशन बंद हो चुका होगा, लड़की के हाथों में खून लग गया था, शायद यही वजह होगी कि लॉकर नहीं खुला. पुलिस के मुताबिक ऐसा लगता है कि इस वक्त तक लड़की मर चुकी होगी. राहुल ने बताया कि इसके बाद आरोपी ने लड़की की लाश को फर्श पर छोड़ा और पेचकस से लॉकर खोला. उसने कैश और ज्वेलरी निकाला और घर में ही रखे एक बैग में सब कुछ भर लिया. अब चूंकि उसकी पेंट और जूते पर खून लग गया था इसलिए उसने उन्हें उतार दिया. इसके बाद उसने अलमारी से निकालकर लड़की के भाई की पेंट और घर में पड़ी चप्पल पहन ली और मौके से फरार हो गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबित राहुल ऑनलाइन गेम 3 पत्ती खेलता था जिससे पैसे कमाता था. साथ ही उसे लड़कियों की आदत लगी थी. वो गेम से पैसे कमाता और पैसे देकर घर पर लड़कियां लाकर उनसे संबंध बनाता था. यही आदत उस पर हावी हुई इसलिए उसने 21 अप्रैल को अलवर में पड़ोस की शादीशुदा महिला के साथ रेप किया. वह उसके शरीर पर कई जगह दांतों से काटकर उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से दिल्ली के लिए निकल गया.

फिर 22 अप्रैल को वह दिल्ली पहुंचा और यहां भी अपने पुराने मालिक की बेटी के साथ रेप और मर्डर को अंजाम दिया. पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुरुआती पूछताछ में आरोपी बता रहा है कि उसका मकसद लूटपाट ही था. लेकिन पूछताछ करने वाले अफसरों ने बताया कि बहुत मुमकिन है कि मृतक लड़की पर इसकी पहले से नजर थी और आरोपी रेप और लूट की वारदात को अंजाम देने ही आया था क्योंकि एक दिन पहले अलवर में भी उसने रेप किया था. इधर पुलिस सूत्र बताते हैं मृतक लड़की पढ़ाई में बेहद होनहार थी. वह 12वीं क्लास में वह आल इंडिया टॉपर भी रही थी. एक दिन पहले ही उसे माता-पिता ने सुबह उठ कर पढ़ाई शुरू करने को कहा था. लिहाजा पहला ही दिन था जब लड़की सुबह सुबह उठ कर पढ़ाई कर रही थी लेकिन राहुल मीणा की दरिंदगी ने सब खत्म कर दिया.

फिलहाल आरोपी राहुल मीणा को पुलिस अमर कॉलोनी थाने से लेकर निकली है. पहले इसका मेडिकल कराया जाएगा और उसके बाद कोर्ट में पेशी होगी. सूत्रों के मुताबिक कोर्ट में पुलिस राहुल की रिमांड की मांग करेगी. इस दौरान उसे हर उस जगह ले जाया जाएगा जहां भी राहुल वारदात को अंजाम देने के बाद गया था.

## अब तक करीब 5.10 लाख नए कनेक्शन चालू, छोटे सिलेंडरों की सप्लाई हुई दोगुनी



नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। दरअसल, उद्योगों की गतिविधियां जारी रखने और सप्लाई चेन को स्थिर रखने के लिए केंद्र सरकार का उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) लगातार काम कर रहा है।

एक आधिकारिक बयान में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी और अन्य ईंधनों की सप्लाई बनाए रखने के लिए अस्थायी राहत भी दी गई है। केरोसिन स्टोरेज की सीमा बढ़ाई गई, एलपीजी अनलोडिंग को आसान बनाया गया और एलएनजी फिलिंग के लिए नई गाइडलाइंस जारी की गई हैं। सरकार ने यह भी बताया कि गैस सिलेंडर की डिलीवरी में 94 प्रतिशत तक डीएसी सिस्टम लागू हो चुका है, जिससे गड़बड़ी और कालाबाजारी पर रोक लगेगी ।सरकार के मुताबिक, देश भर में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। 23 मार्च 2026 से अब तक 20 लाख से ज्यादा 5 किलो वाले छोटे गैस सिलेंडर (एफटीएल) बेचे जा चुके हैं, जो खासकर प्रवासी मजदूरों के लिए राहत का काम कर रहे हैं। सरकार ने इन सिलेंडरों की सप्लाई भी दोगुनी कर दी है ताकि जरूरतमंदों तक आसानी से गैस पहुंच सके ।5.77 लाख लोग पीएनजी के नए कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुके पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार पर भी तेजी से काम हो रहा है। मार्च 2026 से अब तक करीब 5.10 लाख नए कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं और 2.56 लाख अतिरिक्त कनेक्शन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। इसके अलावा, 5.77 लाख लोग नए कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। सरकार कंपनियों के साथ मिलकर लोगों को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। कई कंपनियां नए कनेक्शन पर ऑफर भी दे रही हैं। साथ ही राज्यों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे गैस कनेक्शन देने की प्रक्रिया को तेज करें ।सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे पेट्रोल-डीजल या गैस की घबराहट में खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

## गुरुदेव के पैतृक घर को सम्मान नहीं दे रही टीएमके की सरकार : योगी आदित्यनाथ

कोलकाता ■ एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में तृणमूल शासन के दौरान सात हजार बड़े उद्योग बंद हो गए और पश्चिम बंगाल, जो कभी अनेक क्षेत्रों में अग्रणी था, अब पिछड़ गया है।

बड़ाबाजार में आयोजित सभा में योगी आदित्यनाथ ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ ठाकुर के पैतृक आवास जोरासांको का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनकी विरासत को उचित सम्मान देने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठाकुर के पैतृक घर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चित्र लगाए गए, जो महान कवि का अपमान है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वहां रवीन्द्रनाथ ठाकुर के अतिरिक्त केवल भारत माता की प्रतिमा होनी चाहिए थी लेकिन तृणमूल कांग्रेस को भारतीय संस्कृति से प्रेम नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम् की रचना के 150वें वर्ष में पश्चिम बंगाल की खोई प्रतिष्ठा लौटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी चाहिए। उन्होंने बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का उल्लेख करते हुए पूछा कि उनकी स्मृति के सम्मान में तृणमूल कांग्रेस ने क्या किया है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् आजादी का मंत्र बना था।

उन्होंने कहा कि कभी ज्ञान और नवजागरण की धरती रहे बंगाल में सात हजार बड़े उद्योग, हजारों सूक्ष्म और लघु इकाइयां बंद हो गईं तथा 30 लाख युवाओं के रोजगार समाप्त हो गए। कांग्रेस, मार्क्सवादी दल और तृणमूल कांग्रेस पर दशकों तक कुप्रशासन का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल उद्योगों का कब्रिस्तान बन गया है और केवल दोहरे इंजन की सरकार ही राज्य को फिर से समृद्ध बना सकती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ मंत्री ने उर्दू के प्रसार की बात कही थी।

## रेल मंत्री ने ट्रैक मेंटेनरों की सुरक्षा, सुविधा, कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का दिया आश्वासन

नई दिल्ली ■ एजेंसी



रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में रेलगाड़ियों के सुचारु परिचालन और रेललाइनों के आधुनिकीकरण में ट्रैक मेंटेनरों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बुधवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा, कार्य परिस्थितियों एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी और उन्हें पर्याप्त मात्रा में आधुनिक उपकरण, बेहतर सुविधाएं और संसाधन मुहैया कराए जाएंगे।

वैष्णव ने राजधानी के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ट्रैक मेंटेनर सम्मेलन में देशभर से तीन हजार से अधिक प्रतिनिधियों को संबोधित किया। सम्मेलन में ट्रैक मेंटेनरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। रेल मंत्री ने कहा कि ट्रैक मेंटेनर रेलवे संचालन की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## सरकारी उदासीनता के 30 साल सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार पर लगाया 1 लाख जुर्माना

नई दिल्ली ■ एजेंसी

करीब तीन दशकों तक चली एक लंबी कानूनी लड़ाई पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली को च्स्पष्ट उदासीनताज्ज् बताया है। अदालत ने एक सरकारी कर्मचारी के मामले में न केवल तत्काल कैडर पुन:आवंटन का आदेश दिया, बल्कि राज्य सरकार पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

यह मामला एक ऐसे कर्मचारी का है, जिसने 1995 में संयुक्त अधीनस्थ सेवा परीक्षा पास की थी और उच्च अंक प्राप्त करने के बाद हिल कैडर (पर्वतीय क्षेत्र) में नियुक्ति का विकल्प चुना था। लेकिन तकनीकी कारणों के आधार पर उसकी नियुक्ति को शुरू में खारिज कर दिया गया। इसके बाद शुरू हुई उसकी लंबी कानूनी लड़ाई, जो 2026 तक जारी रही ।कर्मचारी ने 1997 में इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने 2004 में उसके पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि उसके साथ अत्यधिक तकनीकी दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाना चाहिए और उसे अन्य उम्मीदवारों के साथ 1997 से ही नियुक्त माना जाए। हालांकि, उसे वेतन और एरियर का लाभ नहीं दिया गया ।राज्य सरकार ने इस फैसले को चुनौती दी, लेकिन 2009 में उसकी अपील खारिज हो गई। इसके बावजूद, कर्मचारी को वास्तविक नियुक्ति 2011 में ही मिल सकी। यानी अदालत के आदेश के कई साल बाद भी उसे नौकरी पाने के लिए इंतजार करना पड़ा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर जिला सीहोर (म.प्र)**

ई-निविदा सूचना
मध्यप्रदेश शासन
द्वितीय आमंत्रण

एन.आई.टी./1728/वि.शा./ई टेण्डर/2026 सीहोर, दिनांक 21.04.2026

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं-

| क्र | क्र.सं./ पैकेज | आपूर्तियां | संभावित राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 _UAD _494394_2 | 33KVA ELECTRIC POLE SHIFTING WARD 29 UNDER MUNICIPAL COUNCIL SEHORE | 299381-/ | 3000-/ | 2000-/ | 1 माह |

1- इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते है।
2- बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 11:00 (time) 22.04.2026 to 17:30 (time) 28.04.2026 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

(विकास प्रिंस राठौर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीहोर

(सुधीर कुमार)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
(विद्युत विभाग)
आई.एस.बी.टी. परिसर, वर्मा ट्रैवल्स ऑफिस के प्रथम तल पर, भोपाल (म.प्र.)- 462001

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक 105 वि.शा./2025 भोपाल, दिनांक: 21.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं-

| क्रमांक | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित सामग्री | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _445519_4 | Street Light arrangement From Bhadbhada Visram Ghat (Sanchi Parlour) to Naya Basera Bhopal. | 4,20602/- | 4,266/- | 2,000/- | Registered Electrical Contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD Electrical 2021 SOR Items and NOR SOR items | 07 Days | 30 Days |
| 2. | 2026_UAD _474576_4 | Supply installation testing and commissioning of 9 Mtr LED High Mast at Nehru Nagar Park C Sector Ward No. 29 Bhopal | 1,29,936/- | 2,600/- | 2,000/- | Registered Electrical Contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD Electrical 2021 SOR Items | 07 Days | 30 Days |
| 3. | 2026_UAD _482740_3 | SITC Of Decorative Post Top at Khushbu Park Ward no. 24 Zone 21 Bhopal. | 1,55,230/- | 1,000/- | 1,000/- | Registered Electrical Contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD SOR 2021 Items and NON SOR | 07 Days | 30 Days |

नियम एवं शर्तें:-
(1). निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि/धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईट प्रस्तुत करने होंगे। अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
(2). ऑनलाईन निविदा में सभी प्रकार के संशोधनों की जानकारी मात्र www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
(3). 18% GST अतिरिक्त देय होगा।

सहायक यंत्री (वि.)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 109/026/027

साप्ताहिक राज-काज पं जगत शर्मा/9399004721

# महिला आरक्षण विरोधी विपक्ष पर सीएम का हल्लाबोल

भोपाल ■ अमृत दर्शन

कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल का विरोध कर अपनी महिला विरोधी नियत को उजागर कर दिया है। विपक्षी दल नहीं चाहते हैं, कि महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर बराबरी से विधानसभा या संसद में बैठे। देश की महिलाओं को यह देखना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी उन्हें उनके अधिकार दिलाना चाहती है लेकिन विपक्षी दल किस तरह से रोड़े अटका रहे हैं, देश की माताएं बहने कांग्रेस और पूरे विपक्ष को कभी माफ नहीं करेंगी। कहते हैं एक स्त्री सब कुछ भूल सकती है ,लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती' उक्त विचार जन आक्रोश महिला पदयात्रा से पूर्व आयोजित सभा में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने व्यक्त किये ।

राजधानी में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ 'जन-आक्रोश महिला पदयात्रा' कार्यक्रम में बहनों से विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के विकास के लिए और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए आगे भी संघर्ष करती रहेगी ।

सभा के उपरांत एमवीएम मैदान से रोशनपुरा तक पदयात्रा का हिस्सा बनकर उनके सम्मान के संकल्प को दोहराते हुए सीएम ने कहा ।

'बहनों और बेटियों के खिलाफ विपक्ष के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। नारी शक्ति के अधिकार की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी'

जन-आक्रोश महिला पदयात्रा को पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस , प्रदेश महामंत्री व सांसद श्रीमती डाक्टर लता वानखेड़े , सांसद सुश्री डॉ कविता पाटीदार जी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे एवं कवयित्री श्रीमती अनामिका अंबर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में माताएं बहने और पार्टी कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## तमिलनाडु में कमल खिलाने के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव का जनसंपर्क



इस समय तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव का प्रचार प्रसार अपनी चरम सीमा पर है। भारतीय जनता पार्टी पहली बार वहां धमाकेदार एंट्री करना चाहती है, जिसके लिए वह अपनी पूरी ताकत झोंक रही है पिछले दिनों प्रदेश के लोकप्रिय सीएम डॉ मोहन यादव ने पार्टी के लिए सभाएं की, रोड-शो और जनसंपर्क किया। उन्होंने अपनी सभा में कहा कि अब तमिलनाडु परिवर्तन के लिए है तैयार ,इस बार आ रही एनडीए सरकार। उन्होंने राशिपुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रोड शो में सहभागिता कर भाजपा के प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से इस सीट के हर बूथ पर विकास और सुशासन का कमल खिलकर रहेगा' सीएम डॉ मोहन यादव तमिलनाडु में काफ़ी लोकप्रियता हासिल करने में कामयाब रहे। वहां आयोजित उनके तमाम रोड-शो और जनसंपर्क के दौरान जनसैलाब देखने को मिला।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से हजारों बेटियों के हाथ पीले हुए



अक्षय तृतीया के अवसर पर पूरे प्रदेश में हजारों बेटियों के हाथ पीले हुए उनका विवाह हुआ और विदाई दी गई। सीएम डॉ मोहन यादव सिरसोदिया, जिला धार में सर्वसमाज जिलास्तरीय सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए और उन्होंने 200 नवदंपति युगल को आशीर्वाद एवं मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस समारोह में सभी समाज के लोगों ने भाग लिया, जिसमें धरमपुरी के विधायक कालू सिंह ठाकुर ने भी अपने पुत्र पवन ठाकुर एवं भतीजी किरण ठाकुर का विवाह संपन्न कर समाज के समक्ष प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना' के अंतर्गत लगभग 2.5 वर्षों में 1.57 लाख से अधिक बेटियों के विवाह संपन्न हुए हैं। योजना में ?867.72 करोड़ से अधिक की सहायता राशि भी प्रदान की गई। जिसमें दहेज का सभी आवश्यक सामान बेटियों को दिया गया।

## नवदशकोत्सव में शामिल हुए सीएम



रीवा में ब्रह्माकुमारीज संस्था के स्थापना नवदशकोत्सव के उपलक्ष्य में संचालित 'पारिवारिक सद्भावना जागृति अभियान' के रथ को प्रदेश के धर्मज्ञ सीएम डॉ मोहन यादव ने रीवा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है यह अभियान पारिवारिक मूल्यों, संवाद और परस्पर समन्वय के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। इससे राष्ट्र और समाज के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। सीएम ने ब्रह्माकुमारी आश्रम की सकारात्मक गतिविधियों की सराहना की इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित रहे।

## युवा खिलाड़ियों से संवाद कर सीएम ने बढ़ाया मनोबल



उज्जैन में आयोजित 'अखिल भारतीय डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता' के समापन समारोह में सीएम डॉ मोहन यादव उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने युवा खिलाड़ियों से संवाद किया,उनका मनोबल बढ़ाया तथा उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर 'फिरोजिया ट्रॉफी-2026' की विजेता टीम को 1 लाख एवं उपविजेता टीम को 51 हजार नगद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। सीएम ने अपने गृह जिले के राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्टेडियम, माधव नगर मैदान, दशहरा मैदान और क्षीर सागर मैदान को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेडियम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तमाम गणमान्य नागरिक और खिलाड़ी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार



### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी चिकित्सालय में 'हड्डी रोग जाँच एवं परामर्श शिविर' आयोजित

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बिजली नगर कॉलोनी, गोविंदपुरा स्थित चिकित्सालय में बुधवार को हड्डियों की सेहत की जाँच के लिए एक विशेष 'बीएमडी (Bone Mineral Density) जाँच एवं परामर्श शिविर' का आयोजन किया गया। यह शिविर फार्मेड फार्मास्यूटिकल्स के सौजन्य से आयोजित किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के.गोयल के मार्गदर्शन में कुल 62 कार्मिकों/मरीजों की हड्डियों के घनत्व की अत्याधुनिक मशीनों से जाँच की गई। जाँच के दौरान हड्डियों की सेहत से जुड़े मामलों में 08 मरीजों में 'ऑस्टियोपोरोसिस' (हड्डियों का अत्यधिक कमजोर होना) तथा 32 मरीजों में 'ऑस्टियोपेनिया' (हड्डियों के घनत्व में कमी) के लक्षण पाए गए।



### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्मिकों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों को 1 मई से मिलने लगेगा पॉवर कम्पनीज कैशलेश हेल्थ योजना का लाभ

**भोपाल ।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग के मार्गदर्शन तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा के प्रयासों से कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए कैशलेस हेल्थ योजना लागू की गई है। कम प्रीमियम पर अधिक चिकित्सकीय व्यय लाभ दिलाने वाली यह योजना बिजली कार्मिकों के लिए अनोखे कवच के रूप में काम आएगी। इस योजना के बिजली कंपनी एवं मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस (टी.पी.ए.) के बीच दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया बुधवार को प्रबंध संचालक कार्यालय भोपाल में संपन्न हुई। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग एवं मेडसेव कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री विनय रिछारिया मौजूद थे। इस कैशलेस हेल्थ बीमा योजना से कार्मिकों के परिवार का पांच सौ रूपए प्रतिमाह की प्रीमियम पर 5 लाख का, एक हजार मासिक प्रीमियम पर दस लाख का, दो हजार मासिक प्रीमियम पर 25 लाख का कैशलेस हेल्थ कवर रहेगा। 01 मई 2026 से संबंधित कार्मिक तथा उनके आश्रित एवं मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर भी सपरिवार इस योजना का चुनिंदा शर्तों के अधीन लाभ ले सकेंगे।

### मुख्यमंत्री ने द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रकिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण कर ली जानकारी

## द्वारका नगरी योजना से शहरी विकास को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरीकरण की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने विशेष प्रबंध किए हैं। द्वारका नगरी योजना भी उसी दिशा में उठाया गया एक बढ़ा कदम है। द्वारका योजना शहरों के विकास की नई रुपरेखा लिखेगी। यह हमारे शहरों को सुनियोजित, सुविधा सम्पन्न और भावी जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बनाने के सरकार के संकल्प की पूर्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नियोजित और सु-व्यस्थित विकास को नई गति मिलेगी। नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर परिवेश, पक्के आवास, मजबूत आधारभूत संरचना और गुणवत्तापूर्ण जीवन मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के शहरी स्वरूप को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रकिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के सभी नियमों एवं उपबंधों की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के क्रियान्वयन में समयबद्धता, पारदर्शिता और विकास-निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। योजना से नगरीय क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों से प्राप्त किये जाने वाले प्रस्तावों में शहर की प्रमुख सड़कों का विकास एवं मरम्मत, शहर की समुचित साफ-सफाई, जन-सुविधा विकास-विस्तार से संबंधित कार्यों को तवज्जो दी जाये। साथ ही शहर में गौशाला निर्माण और मुक्तिधाम निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से शामिल किया जाये।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों में 'द्वारका नगरी योजना' वित्त वर्ष 2026-27 से वर्ष 2028-29 कुल 3 वर्षों के लिए मंजूर की गई है। योजना में 2201.20 करोड रुपए अनुदान (शून्य प्रतिशत ब्याज पर राज्य शासन द्वारा ऋण) एवं 2798.80 करोड रुपए ऋण (वित्तीय संस्थाओं द्वारा) सहित कुल 5000 करोड रुपए उपलब्ध कराये जायेंगे। अनुदान के रूप में ली गई ऋण राशि 2201.20 करोड रुपए का पुनर्भुगतान विभाग द्वारा 25 वर्ष बाद 5 समान वार्षिक किश्तों में किया जाएगा। नगरीय निकायों द्वारा लिये जाने वाले ऋण एवं इस पर लगने वाले ब्याज का पुनर्भुगतान राज्य शासन एवं निकायों द्वारा 20 वर्षों में राज्य शासन के मुद्रांक शुल्क से प्राप्त होने वाली राशि से किया जाएगा। साथ ही शहर की मास्टर प्लान की सडकों को पीपीपी मोड पर किया जा सकेगा। इसमें मेट्रोपालिटन रीजन को ध्यान में रखते हुए कार्य कराये जा सकेंगे। केन्द्र सरकार की प्रोत्साहन आधारित योजना 'अर्बन चैलेंज फण्ड' की गैप फंडिंग द्वारका नगरी योजना से की जा सकेगी।

योजना प्रस्तुतिकरण बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, वित्त सचिव लोकेश जाटव, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।



### क्या है द्वारका नगरी योजना

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में घोषित 'द्वारका नगरी योजना' का उद्देश्य शहरों में आवास निर्माण, सड़कों की मरम्मत और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इस त्रि-वर्षीय मेगा योजना के तहत 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर नगरीय निकायों का कायाकल्प किया जाएगा। इसका उद्देश्य नगरीय निकायों के बुनियादी ढांचे को व्यवस्थित करना और शहरी विकास को गति देना है। इसके तहत आवास निर्माण, सड़कों की मरम्मत और नगरीय निकायों की वर्तमान संरचना को और मजबूत किया जायेगा। इसमें नगरीय निकायों को उनकी आवश्यकतानुसार आर्थिक मदद देकर स्थानीय स्तर पर अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को और अधिक गति दी जायेगी।

### हमीदिया अस्पताल में बुजुर्ग की पिटाई का वीडियो वायरल

## गार्ड्स पर कार्रवाई की तैयारी, अस्पताल के बरामदे में सो रहा था बुजुर्ग

भोपाल ■ अमृत दर्शन

हमीदिया अस्पताल में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अस्पताल के गार्ड बुजुर्ग को लाठी से पीटते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग अस्पताल के एच-2 ब्लॉक के बरामदे में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि उन्हें अस्पताल परिसर में कहीं और ठहरने की जगह नहीं मिली थी। सुबह जब गार्ड वहां पहुंचे तो उन्हें हटाने के दौरान विवाद हुआ और गार्ड्स ने लाठी से मारपीट शुरू कर दी। वीडियो में बुजुर्ग खुद को बचाने की कोशिश करते दिखाई देते हैं, लेकिन गार्ड लगातार उन पर हमला करते रहे।

**उसी दिन आया मामला, जब रैन बसेरों की घोषणा:** यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी सरकारी अस्पतालों में सस्ते रैन बसेरे बनाने की घोषणा की थी। अस्पतालों में दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ठहरने में होने वाली दिक्कतें लंबे समय से सामने आती रही हैं।

**ठहरने की कमी, बरामदों में रात गुजारने को मजबूर:** हमीदिया अस्पताल में रोज बड़ी संख्या में मरीज आते हैं, लेकिन उनके साथ आने वाले परिजनों के लिए पर्याप्त ठहरने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में लोग बरामदों, सीढ़ियों या खुले स्थानों पर रात बिताने को मजबूर होते हैं। हालांकि अस्पताल परिसर में रैन बसेरा मौजूद है, लेकिन वहां गंदगी और बदबू के कारण लोग रुकना नहीं चाहते।



### अस्पताल प्रबंधन ने दी सफाई

अस्पताल की अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन के अनुसार, बुजुर्ग नशे की हालत में थे और उन्होंने पहले एक गार्ड पर पत्थर फेंका था। इसके बाद यह घटना हुई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद दोनों गार्ड्स की ड्यूटी फिलहाल रोक दी गईहै और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हनुमान मंदिर पातरा बरखेड़ी से निकली भव्य शोभा यात्रा, भक्ति में झूमे श्रद्धालु



**भोपाल।** हनुमान मंदिर बरखेड़ी में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य शोभा यात्रा में प्रभु ने नगर भ्रमण किया। धर्म ध्वजा के बात गाजे बाजे की भक्ति मय माहौल में भक्तों ने भक्ति नृत्य किया। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से मंदिर आई यहां भंडारे में प्रसाद वितरण हुआ। मीडिया प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया प्राचीन हनुमान मंदिर में भगवान हरि विष्णु माता लक्ष्मी राम जानकी सीता दरबार के साथ बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा स्थापित की गई , जिसे स्थापित करने का सौभाग्य लक्ष्मी परिवार के पूर्व पार्षद संजय सुधा साहू, रौनक रोशनी साहू, उर्मिला सुरेश शिवा साहू , पुरुषोत्तम शिखा देवराज रियांस साहू, मीना सुरेश हर्ष साहू , मेघा शेष अनन्या साहू, सुप्रिया शिवम साहू ,अमरीका मंजीत रजनी अक्ष साहू परिवार को प्राप्त हुआ।

### भोपाल पुलिस कमिश्नर ने जारी किया आदेश

## सीएम हाउस के पास चौराहों पर धरना-प्रदर्शन पर रोक



भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल में अब शहर के सबसे व्यस्त चौराहों पर धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन जैसे कार्यक्रम नहीं हो सकेंगे। पुलिस आयुक्त द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर पॉलिटेक्निक चौराहा, आकाशवाणी चौराहा और किलोल पार्क चौराहा सहित आसपास के क्षेत्रों को प्रतिबंधित घोषित कर दिया गया है।

**ट्रैफिक और इमरजेंसी सेवाओं पर असर बना वजह:** आदेश में कहा गया है कि ये चौराहे शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित हैं और यहां से एयरपोर्ट, हमीदिया अस्पताल सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों के लिए आवागमन होता है। इन जगहों पर धरना-प्रदर्शन या आंदोलन होने से यातायात बाधित होता है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है। साथ ही एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।

**बिना वैकल्पिक व्यवस्था के नहीं मिलती अनुमति:** पुलिस के अनुसार, अक्सर इन स्थानों पर विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा धरना-प्रदर्शन की अनुमति मांगी जाती है, लेकिन यहां कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं होने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

**2 महीने तक लागू रहेगा आदेश:** पुलिस आयुक्त द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान इन स्थानों पर किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, हड़ताल या पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।